ICSE

Year 2019 Examination

# Analysis of Pupil Performance

# हिन्दी

Pioneering Excellence in Education since 1958

Research Development and Consultancy Division

Council for the Indian School Certificate Examinations

New Delhi

**Year 2019**

---

***Published by*:**

Research Development and Consultancy Division (RDCD)

Council for the Indian School Certificate Examinations

Pragati House, 3rd Floor

47-48, Nehru Place

New Delhi-110019

Tel: (011) 26413820/26411706
E-mail: council@cisce.org

**© Copyright, Council for the Indian School Certificate Examinations**

All rights reserved. The copyright to this publication and any part thereof solely vests in the Council for the Indian School Certificate Examinations. This publication and no part thereof may be reproduced, transmitted, distributed or stored in any manner whatsoever, without the prior written approval of the Council for the Indian School Certificate Examinations.

# FOREWORD

This document of the Analysis of Pupils' Performance at the ISC Year 12 and ICSE Year 10 Examination is one of its kind. It has grown and evolved over the years to provide feedback to schools in terms of the strengths and weaknesses of the candidates in handling the examinations.

We commend the work of Mrs. Shilpi Gupta (Deputy Head) of the Research Development and Consultancy Division (RDCD) of the Council and her team, who have painstakingly prepared this analysis. We are grateful to the examiners who have contributed through their comments on the performance of the candidates under examination as well as for their suggestions to teachers and students for the effective transaction of the syllabus.

We hope the schools will find this document useful. We invite comments from schools on its utility and quality.

**Gerry Arathoon**
**Chief Executive & Secretary**

**October 2019**

# PREFACE

The Council has been involved in the preparation of the ICSE and ISC Analysis of Pupil Performance documents since the year 1994. Over these years, these documents have facilitated the teaching-learning process by providing subject/ paper wise feedback to teachers regarding performance of students at the ICSE and ISC Examinations. With the aim of ensuring wider accessibility to all stakeholders, from the year 2014, the ICSE and the ISC documents have been made available on the Council's website www.cisce.org.

The documents include a detailed qualitative analysis of the performance of students in different subjects which comprises of examiners' comments on common errors made by candidates, topics found difficult or confusing, marking scheme for each question and suggestions for teachers/ candidates.

In addition to a detailed qualitative analysis, the Analysis of Pupil Performance documents for the Examination Year 2019 also have a component of a detailed quantitative analysis. For each subject dealt with in the document, both at the ICSE and the ISC levels, a detailed statistical analysis has been done, which has been presented in a simple user-friendly manner.

It is hoped that this document will not only enable teachers to understand how their students have performed with respect to other students who appeared for the ICSE/ISC Year 2019 Examinations, but also provide information on how they have performed within the Region or State, their performance as compared to other Regions or States, etc. It will also help develop a better understanding of the assessment/ evaluation process. This will help teachers in guiding their students more effectively and comprehensively so that students prepare for the ICSE/ ISC Examinations, with a better understanding of what is required from them.

The Analysis of Pupil Performance document for ICSE for the Examination Year 2019 covers the following subjects: English (English Language, Literature in English), Hindi, History, Civics and Geography (History and Civics, Geography), Mathematics, Science (Physics, Chemistry, Biology), Commercial Studies, Economics, Computer Applications, Economic Applications, Commercial Applications.

Subjects covered in the ISC Analysis of Pupil Performance document for the Year 2019 include English (English Language and Literature in English), Hindi, Elective English, Physics (Theory), Chemistry (Theory), Biology (Theory), Mathematics, Computer Science, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Economics, Commerce, Accounts and Business Studies.

I would like to acknowledge the contribution of all the ICSE and the ISC examiners who have been an integral part of this exercise, whose valuable inputs have helped put this document together.

I would also like to thank the RDCD team of Dr. M.K. Gandhi, Dr. Manika Sharma, Mrs. Roshni George and Mrs. Mansi Guleria who have done a commendable job in preparing this document.

***Shilpi Gupta***
***Deputy Head - RDCD***

***October 2019***

# CONTENTS


| | Page No. |
|---|---|
| *FOREWORD* | *i* |
| *PREFACE* | *ii* |
| **INTRODUCTION** | **1** |
| **QUANTITATIVE ANALYSIS** | **3** |
| **QUALITATIVE ANALYSIS** | **10** |

# INTRODUCTION

This document aims to provide a comprehensive picture of the performance of candidates in the subject. It comprises of two sections, which provide Quantitative and Qualitative analysis results in terms of performance of candidates in the subject for the ICSE Year 2019 Examination. The details of the Quantitative and the Qualitative analysis are given below.

## Quantitative Analysis

This section provides a detailed statistical analysis of the following:

- Overall Performance of candidates in the subject (Statistics at a Glance)
- State wise Performance of Candidates
- Gender wise comparison of Overall Performance
- Region wise comparison of Performance
- Comparison of Region wise performance on the basis of Gender
- Comparison of performance in different Mark Ranges and comparison on the basis of Gender for the top and bottom ranges
- Comparison of performance in different Grade categories and comparison on the basis of Gender for the top and bottom grades

The data has been presented in the form of means, frequencies and bar graphs.

### Understanding the tables

Each of the comparison tables shows N (Number of candidates), Mean Marks obtained, Standard Errors and t-values with the level of significance. For t-test, mean values compared with their standard errors indicate whether an observed difference is likely to be a true difference or whether it has occurred by chance. The t-test has been applied using a confidence level of 95%, which means that if a difference is marked as 'statistically significant' (with * mark, refer to t-value column of the table), the probability of the difference occurring by chance is less than 5%. In other words, we are 95% confident that the difference between the two values is true.

t-test has been used to observe significant differences in the performance of boys and girls, gender wise differences within regions (North, East, South and West), gender wise differences within marks ranges (Top and bottom ranges) and gender wise differences within grades awarded (Grade 1 and Grade 9) at the ICSE Year 2019 Examination.

The analysed data has been depicted in a simple and user-friendly manner.


Given below is an example showing the comparison tables used in this section and the manner in which they should be interpreted.

**Comparison on the basis of Gender**

| Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|
| Girls | 2,538 | 66.1 | 0.29 | 11.91* |
| Boys | 1,051 | 60.1 | 0.42 | |

*Significant at 0.05 level

**Girls performed significantly better than boys.**



The table shows comparison between the performances of boys and girls in a particular subject. The t-value of 11.91 is significant at 0.05 level (mentioned below the table) with a mean of girls as 66.1 and that of boys as 60.1. It means that there is significant difference between the performance of boys and girls in the subject. The probability of this difference occurring by chance is less than 5%. The mean value of girls is higher than that of boys. It can be interpreted that girls are performing significantly better than boys.


The results have also been depicted pictographically. In this case, the girls performed significantly better than the boys. This is depicted by the girl with a medal.

## Qualitative Analysis

The purpose of the qualitative analysis is to provide insights into how candidates have performed in individual questions set in the question paper. This section is based on inputs provided by examiners from examination centres across the country. It comprises of question wise feedback on the performance of candidates in the form of *Comments of Examiners* on the common errors made by candidates along with *Suggestions for Teachers* to rectify/ reduce these errors. The *Marking Scheme* for each question has also been provided to help teachers understand the criteria used for marking. Topics in the question paper that were generally found to be difficult or confusing by candidates, have also been listed down, along with general suggestions for candidates on how to prepare for the examination/ perform better in the examination.

# QUANTITATIVE ANALYSIS





## STATISTICS AT A GLANCE

Total Number of Candidates: 1,32,297


Mean Marks: 87.1

Highest Marks: 99


Lowest Marks: 16



# PERFORMANCE (STATE-WISE & FOREIGN)




**The States/UTs of Maharashtra, Haryana and Chandigarh secured highest mean marks. Mean marks secured by candidates studying in schools abroad were 88.5.**



# GENDER-WISE COMPARISON



**GIRLS**

Mean Marks: 89.2

Number of Candidates: 59,132



**BOYS**

Mean Marks: 85.4


Number of Candidates: 73,165

## Comparison on the basis of Gender

| Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|
| Girls | 59,132 | 89.2 | 0.03 | 71.51* |
| Boys | 73,165 | 85.4 | 0.04 | |


*Significant at 0.05 level

**Girls performed significantly better than boys.**






# REGION-WISE COMPARISON



## Mean Marks obtained by Boys and Girls-Region wise




### Comparison on the basis of Gender within Region

| Region | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| **North (N)** | Girls | 25,718 | 90.0 | 0.05 | 51.99* |
| | Boys | 33,388 | 86.1 | 0.06 | |
| **East (E)** | Girls | 17,626 | 87.7 | 0.07 | 39.01* |
| | Boys | 21,283 | 83.5 | 0.08 | |
| **South (S)** | Girls | 5,738 | 86.4 | 0.13 | 21.62* |
| | Boys | 6,078 | 81.9 | 0.16 | |
| **West (W)** | Girls | 9,922 | 91.3 | 0.07 | 29.27* |
| | Boys | 12,305 | 88.2 | 0.08 | |
| **Foreign (F)** | Girls | 128 | 90.0 | 0.67 | 3.24* |
| | Boys | 111 | 86.7 | 0.79 | |

*Significant at 0.05 level

**The performance of girls was significantly better than that of boys in all the regions.**

**REGION (N, E, S, W, F)**





# MARK RANGES : COMPARISON GENDER-WISE

**Comparison on the basis of gender in top and bottom mark ranges**

| Marks Range | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| Top Range (81-100) | Girls | 51,958 | 91.6 | 0.02 | 48.73* |
| | Boys | 56,003 | 90.2 | 0.02 | |
| Bottom Range (0-20) | Girls | 2 | 19.0 | 1.00 | 0.87 |
| | Boys | 8 | 18.0 | 0.57 | |

*Significant at 0.05 level

**Marks Range (81-100)**


**Performance of girls was significantly better than the performance of boys.**

**Marks Range (81-100)**



**Marks Range (0-20)**

**No significant difference was observed between the average performance of girls and boys.**





# GRADES AWARDED : COMPARISON GENDER-WISE

**Comparison on the basis of gender in Grade 1 and Grade 9**

| Grades | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| Grade 1 | Girls | 35,909 | 94.2 | 0.01 | 30.56* |
| | Boys | 32,377 | 93.6 | 0.01 | |
| Grade 9 | Girls | 2 | 19.0 | 1.00 | 0.87 |
| | Boys | 8 | 18.0 | 0.57 | |

*Significant at 0.05 level

**Grade 1**


**Performance of girls was significantly better than the performance of boys.**

**Grade 1**



**Grade 9**

**No significant difference was observed between the average performance of girls and boys.**



## SECTION A (40 Marks)

*Attempt **all** questions*

## Question 1

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any **one** of the following topics :—

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी मे लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :— [15]

**(i)** आपके विद्यालय में एक मेले का आयोजन किया गया था। यह किस अवसर पर, किस उद्देश्य से किया गया था? उसके लिए आपने क्या–क्या तैयारियाँ कीं? आपने और आपके मित्रों ने एवम शिक्षकों ने उसमें क्या सहयोग दिया था ? इन बिन्दुओं को आधार बनाकर एक प्रस्ताव विस्तार से लिखिए।

**(ii)** यात्रा एक उत्तम रुचि है। यात्रा करने से ज्ञान तो बढ़ता ही है, स्थान विशेष की संस्कृति तथा परंपराओं का परिचय भी मिलता है। अपनी किसी यात्रा के अनुभव तथा रोमांच का वर्णन करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

**(iii)** 'वन है तो भविष्य है' आज हम उसी भविष्य को नष्ट कर रहे हैं, कैसे? कथन को स्पष्ट करते हुए जीवन में वनों के महत्व पर अपने विचार लिखिए।

**(iv)** एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका अन्त प्रस्तुत वाक्य से किया गया हो— और मैंने राहत की साँस लेते हुए सोचा कि आज मेरा मानव जीवन सफल हो गया।

**(v)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिये, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध, चित्र से होना चाहिये।



## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) मेले का आयोजन' परीक्षार्थियों का अत्यधिक प्रिय विषय रहा। लेकिन अधिकांश परीक्षार्थी भूमिका में मेला क्या होता है? पर अपने विचार स्पष्ट नहीं कर सके। कुछ परीक्षार्थियों ने प्रदर्शनी का वर्णन लिख दिया। कुछ परीक्षार्थी अध्यापकों का सहयोग नहीं लिख सके। कुछ परीक्षार्थियों ने उपसंहार नहीं लिखा।
कुछ परीक्षार्थियों ने मेले के आयोजन का उद्देश्य क्या था, यह नहीं बताया।

(ii)यात्रा वर्णन' विषय भी कई परीक्षार्थियों ने चुना। संस्कृति, परम्परा आदि का वर्णन परीक्षार्थियों ने नहीं किया। परीक्षार्थी यात्रा का सांस्कृतिक महत्व नहीं बता सके। कुछ परीक्षार्थियों ने यात्रा के स्थान पर मित्रों के साथ पिकनिक, 'उद्यानिका भ्रमण' ही लिख दिया।

(iii)''वन है तो भविष्य है'', यह एक वैज्ञानिक विचारधारा को ध्यान में रखकर वन और पेड़ों के महत्व पर आधारित निबंध था। इस विषय पर अधिकांश परीक्षार्थियों ने सफलता पूर्वक लिखा। निबन्ध लिखने में व्याकरण एवं भाषा संबंधी त्रुटियाँ रहीं। कुछ परीक्षार्थियों ने उपसंहार नहीं लिखा।

(iv) परीक्षार्थियों ने कहानी लेखन तो किया लेकिन कहानी में मौलिकता का अभाव था। कुछ परीक्षार्थी छोटे मोटे काम को ही बता पाए। ''परोपकार की भावना'' का अभाव था। कुछ परीक्षार्थियों ने अपनी कहानी नहीं लिखी अपितु किसी अन्य के जीवन के सफल होने का वर्णन कर दिया।

(v) ''चित्र अध्ययन'' में परीक्षार्थीयों ने मजदूरी करते बच्चों को ही ध्यान में रखकर बालश्रम का वर्णन किया। चित्र का वर्णन करने में मुख्य बिन्दुओं का अभाव पाया गया। लेखन में वर्त्तनी तथा वाक्य–संरचना संबंधी अशुद्धियाँ भी पायी गयीं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– विद्यार्थियों को प्रेरित करें कि वे निबन्ध के शीर्षक के हर बिन्दु के विषय में अच्छी प्रकार सोचकर 'भूमिका' 'विषय वस्तु' तथा उपसंहार लिखें। मात्राओं को सही लिखें। अशुद्धि निवारण हेतु श्रुतलेख लिखवाऐं। वाक्य संरचना का अभ्यास कराऐं।

– छात्रों के शब्द ज्ञान में हिन्दी के शब्दों का भण्डार बढ़ाने का प्रयास कक्षा में होना चाहिए। 'यात्रा भ्रमण' आदि विषय पर कक्षा में भी मौखिक चर्चा होनी चाहिए। ''श्रुतलेख'' का अभ्यास मात्राऐं सुधारने के लिए होना चाहिए।

– परीक्षार्थियों को समझाया जाए कि दिए गए निबंध को भूमिका, वर्णन, उपसंहार इत्यादि तीन भागों में बाँटकर लिखना चाहिए। विषय का प्रत्येक बिन्दु महत्वपूर्ण होता है अतः हर एक बिन्दु पर विचार स्पष्ट करने चाहिए। शब्द ज्ञान में वृद्धि हेतु, कक्षा में वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया जाना चाहिए। शुद्ध, त्रुटिहीन भाषा लेखन पर बल दें।

– कक्षा में ''मौलिक कहानी'' का अभ्यास कराऐं। छात्रों से मौखिक कहानियाँ सुनाने का आग्रह करें इस प्रकार छात्रों की कल्पनाशीलता की वृद्धि होगी मुहावरें तथा लोकोक्तियों के प्रयोग का अभ्यास भी कराऐं।

– कक्षा में चित्र लेखन का अधिकाधिक अभ्यास करवाया जाय ताकि छात्र चित्र से संबंधित सभी बिन्दुओं पर गौर कर सकें तथा अपने विचार स्पष्ट रूप में व्यक्त कर सकें। मात्राओं की त्रुटियाँ सुधारने के लिए नियमित श्रुतलेख लिखने पर बल दें।

## MARKING SCHEME

### Question 1

संक्षिप्त लेख–

(i) भूमिका–विद्यालय में मेले का आयोजन।
मध्य भाग– अवसर मेले का उद्देश्य, तैयारियाँ, सहयोग।
उपसंहार।

(ii) भूमिका– यात्रा किसे कहते है? यात्रा का वर्णन।
मध्य भाग– यात्रा का लाभ– नई जानकारी एकत्रित करना, समय नियोजन, यात्रा का बजट और उसका पालन, सामाजिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक एवम् धार्मिक महत्त्व, संस्कृति, परम्परा, खान पान, वेश भूषा, रीति–रिवाज, नृत्य संगीत आदि का परिचय।
उपसंहार।

(iii) कथन का स्पष्टीकरण
वनों का महत्त्व
उपसंहार

(iv) भूमिका
कहानी का विस्तार–मौलिकता, उद्देश्य, कथानक। (मानवता के गुणों से सम्बन्धित)
उपसंहार– दी गई अंतिम पंक्ति से अन्त करते हुए।

(v) भूमिका– चित्र परिचय– स्वच्छता, बालश्रम, काल्पनिक विचारों को आधार बनाकर उत्तर लिखना।
लेख अथवा कहानी का विस्तार।
उपसंहार।

# Question 2

Write a letter in **Hindi** in approximately 120 words on any one of the topics given below :—

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिये :— [7]

**(i)** आप अपने परिवार के साथ किसी एक प्रदर्शनी (Exhibition) को देखने गए थे। वहाँ पर आपने क्या–क्या देखा? वहाँ कौन–कौन सी चीजों ने आकर्षित किया ? जीवन में उनकी क्या उपयोगिता है? अपना अनुभव बताते हुए अपने प्रिय मित्र को पत्र लिखिये।

**(ii)** दिन–प्रतिदिन बढ़ते हुए जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगर–पालिका के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए जिसमें वर्षा के जल का संचयन (rain water harvesting) करने के लिए व्यापक स्तर पर परियोजना चलाने का सुझाव दिया गया हो।

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकतम परीक्षार्थियों ने इस विषय को चुना। अधिकांश परीक्षार्थियों ने पत्र में प्रदर्शनी के स्थान पर मेले में घूमने का वर्णन किया।
कुछ परीक्षार्थियों ने त्यौहार या उत्सव का भी वर्णन कर दिया। पत्र के कलेवर में शब्द विचार तथा वाक्य विन्यास संबंधी अशुद्धियाँ भी पाई गई।

(ii) परीक्षार्थियों ने इस विकल्प को भी सराहनीय ढंग से लिखा। कुछ परीक्षार्थियों ने पता व दिनांक अंग्रेजी में लिखा।

पत्र के अंत में ''भवदीय'' के स्थान पर आपका आज्ञाकारी शब्दों का प्रयोग किया। पत्र में औपचारिक शब्द जैसे सविनय निवेदन यह है तथा ''धन्यवाद'' का लोप पाया गया।
परीक्षार्थियों ने ''जल संचय'' की अपूर्ण एवं असंतोषपूर्ण जानकारी दी। प्रारुप में वर्तनी संबंधी त्रुटियां भी पाई गईं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– 'पत्र लेखन' का अभ्यास नियमित रुप से कक्षा में कराया जाना चाहिए। वर्तनी संबंधी त्रुटियों को दूर करने हेतु श्रुतलेख का प्रचुर मात्रा में अभ्यास करवाया जाए। विद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रति रुचि जाग्रत करते हुए उनपर लेख लिखवाएें। मेला, प्रदर्शनी, उत्सव में क्या अन्तर है यह भी बताएें।
''वाक्य रचना'' की शुद्धि पर ध्यान दें। पत्र में पता, दिनांक, सम्बोधन, अभिवादन आदि सब बातों को ध्यान में रखकर छात्रों को अभ्यास कराएें।

– 'औपचारिक पत्र' में अपना पता, सम्बोधन, अभिवादन इत्यादि का अभ्यास लिखित रूप में कक्षा में कराया जाए। अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग वर्जित हैं, यह बात कक्षा में छात्रों को बतायी जाए।
छात्रों को ''समाचार पत्र'' पढ़ने का अभ्यास कराएें।
पत्र लेखन में प्रारंभ, सम्बोधन, समाधान सभी का अभ्यास लिखित रुप में कराया जाना चाहिए। अच्छे औपचारिक शब्दों का ज्ञान कराएें।

## MARKING SCHEME

### Question 2

(i) परिवार के साथ प्रदर्शनी जाना, क्या–क्या देखा? जीवन में उसकी उपयोगिता का वर्णन और अनुभव।

(ii) प्रारूप

विषय– जल संकट की समस्या क्यों, वर्षा के जल का संचयन करने की सुझाव प्रक्रिया।

# Question 3

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

एक रियासत थी। उसका नाम था कंचनगढ़। वहाँ बहुत गरीबी थी। लोग कमज़ोर थे और धरती में कुछ उगता न था। चारों और भुखमरी थी। एक दिन राजा कंचनदेव राज्य की दशा से चिंतित हो उठे। अचानक उनके पास एक साधु आए। राजा ने उन्हें प्रणाम किया। राजा ने साधु को अपने राज्य के बारे में बताया और कुछ उपाय करने की प्रार्थना की। साधु मुस्कराकर बोले— ''कंचनगढ़ के नीचे सोने की खान है।''इतना कहकर साधु चले गए।

राजा ने खुदाई करवाई। वहाँ सोने की खान निकली। राजा का खजाना सोने से भर गया। राजा ने अपने राज्य में जगह–जगह मुफ़्त भोजनालय बनवाए, दवाखाने खुलवाए, चारागाह बनवाए तथा अन्य सुख–सुविधा के साधन उपलब्ध करा दिए। अब वहाँ कोई दुखी नहीं था। सब लोग खुश थे। धीरे–धीरे लोग आलसी हो गए। कोई काम नहीं करता था। भोजन तक मुफ़्त में मिलने लगा था। मंत्री ने राजा को बहुत समझाया और कहा— ''महाराज, लोग आलसी होते जा रहे हैं। उनको काम दिया जाए।'' परंतु राजा ने मंत्री की बात को टाल दिया।

कंचनगढ़ की सम द्धि को देखकर पड़ोसी रियासत के राजा को ईर्ष्या हुई। उसने अचानक कंचनगढ़ पर चढ़ाई कर दी और माँग की कृ ''सोना दो या लड़ो।'' कंचनगढ़ के आलसी लोगों ने राजा से कहा— ''हमारे पास बहुत सोना है, कुछ दे दें। बेकार खून क्यों बहाया जाए ?'' राजा ने लोगों की बात मान ली और सोना दे दिया। कुछ दिनों बाद उसी पड़ोसी राजा ने कंचनगढ़ पर फिर चढ़ाई कर दी। इस बार उसका लालच और बढ़ गया था। इसी प्रकार उसने कई बार चढ़ाई कर–करके कंचनगढ़ से सोना ले लिया। यह सब देखकर राजा का मंत्री बहुत परेशान हो गया। वह राजा को समझाना चाहता था, किन्तु राजा के सम्मुख कुछ बोलने की हिम्मत नहीं हो पा रही थी। अंत में उसने युक्ति से काम लिया।

एक दिन मंत्री कंचनदेव को घुमाने के लिए नगर के पूर्व की ओर बने गुलाब के बाग़ की ओर ले गया। राजा कंचनदेव ने देखा कि बाग में दाने बिखरे पड़े हैं। कबूतर दाना चुग रहे हैं। थोड़ी दूर कुछ कबूतर मरे पड़े हैं। कुछ भी समझ में न आने पर राजा ने मरे हुए कबूतरों के बारे में मंत्री से पूछा।

मंत्री ने बताया— ''महाराज, इन्हें शिकारी पक्षियों ने मारा है।'' राजा ने पूछा— ''तो कबूतर भागते क्यों नहीं'' ''भागते हैं लेकिन लालच में फिर से आ जाते हैं, क्योंकि उनके लिए यहाँ, आपकी आज्ञा से दाना डाला जाता है।''— मंत्री ने बताया। राजा ने कहा— ''दाना डलवाना बंद कर दो।'' मंत्री ने वैसा ही किया।

राजा अगले दिन फिर घूमने निकले। उन्होंने देखा कि दाना तो नहीं है, किन्तु कबूतर आ–जा रहे हैं। राजा ने मंत्री से इसका कारण पूछा। मंत्री ने बताया — ''महाराज, इन्हें बिना प्रयास के ही दाना मिल रहा था। यह अब दाने–चारे की तलाश की आदत भूल चुके हैं, आलसी हो गए हैं। शिकारी पक्षी इस बात को जानते हैं कि कबूतर तो यहीं आएँगे अतः वे इन्हें आसानी से मार डालते हैं।'' राजा चिंता में पड़ गए। उन्होंने शाम को मंत्री को बुलाकर कहा — ''नगर के सारे मुफ़्त भोजनालय बंद करवा दो। जो मेहनत करे, वही खाए। लोग निकम्मे और आलसी होते जा रहे हैं। और हाँ, एक बात और। मैं अब शत्रु को सोना नहीं दूँगा, बल्कि उससे लड़ाई करूँगा। जाओ, सेना को मज़बूत करो।'' मंत्री राजा की बात सुनकर बहुत खुश हो गया।

(i) राजा कंचनदेव की चिन्ता का क्या कारण था ? उन्होंने साधु से क्या प्रार्थना की ? [2]

(ii) साधु ने राजा को क्या बताया ? उसके बाद राजा ने राज्य के लिए क्या–क्या कार्य किये ? [2]

(iii) पड़ोसी राजा के आक्रमण करने पर कंचनगढ़ का राजा क्या करता था और क्यों ? [2]

(iv) कबूतरों की दशा कैसी थी ? उस दशा को देखकर राजा ने क्या सीखा ? [2]

(v) राजा ने मंत्री को क्या आदेश दिए ? आदेश सुनकर मंत्री की क्या स्थिति हुई ? [2]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर पूर्णतः सही लिखा लेकिन कई छात्र यह लिखने में भ्रमित दिखाई दिए कि साधु से क्या प्रार्थना की गई ?
कई परीक्षार्थियों ने अपनी भाषा में उत्तर नहीं लिखे अपितु गद्यांश की भाषा में ही उत्तर लिख दिए। ऐसा नहीं करना चाहिए।

(ii) इस प्रश्न के उत्तर में वर्तनी संबंधी त्रुटियाँ दिखीं। साधु ने राजा को खजाने के विषय में बताया। कुछ परीक्षार्थियों ने अपने उत्तर में इस बात का उल्लेख ही नहीं किया।
कुछ परीक्षार्थियों ने अपूर्ण उत्तर लिखे।

(iii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने राजा क्या करता था, का उत्तर सही लिखा लेकिन वह ''क्यों'' ऐसा करता था, इस प्रश्न का उत्तर देना भूल गए।

(iv) कुछ परीक्षार्थी कबूतरों की दशा देखकर उचित सीख लिख पाने में असमर्थ रहे।''राजा ने क्या सीखा'' यह बात भी बताना भूल गए। केवल कबूतरों की दशा कैसी थी। यही उत्तर में लिखा। अतः यह उत्तर अपूर्ण ही समझा गया।

(v) परीक्षार्थियों ने आदेश तो सही लिखा लेकिन कुछ परीक्षार्थी मंत्री की क्या स्थिति हुई उसका उल्लेख अपने उत्तर में नहीं कर पाए।
कुछ परीक्षार्थियों ने वर्तनी की त्रुटियाँ कीं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- छात्रों को सभी पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिखने का अभ्यास कराना चाहिए। छात्रों को प्रश्न पत्र ध्यानपूर्वक पढ़ने का निर्देश देना चाहिए। छात्रों को समझाया जाए कि प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर अलग–अलग अनुच्छेद में लिखें।
- छात्रों को समझाया जाए कि भाव–ग्रहण हेतु गद्यांश को दो तीन बार ध्यान से पढ़ना चाहिए। शुद्ध लेखन के लिए वर्तनी सुधार पर ध्यान दें। श्रुतलेख अवश्य कक्षा में लिखवाए जाने चाहिए।
- छात्रों को प्रश्नानुसार उत्तर लिखने का अभ्यास करायें। शुद्ध लेखन के लिए वर्तनी सुधार पर ध्यान दें। श्रुतलेख अवश्य कक्षा में लिखवाए जाने चाहिए।
- छात्रों को गद्यांश से मिलने वाली शिक्षा पर उत्तर लिखना सिखाएं और पुनः–पुनः अभ्यास कराके छात्रों का उपयुक्त मार्ग–दर्शन करें।
- गद्यांश से मिलने वाली शिक्षा में सम्बन्धित प्रश्न का कक्षा में ही अभ्यास कराएँ। उपयुक्त उत्तर का बोध कराएँ। छात्रों को उनके द्वारा की गई त्रुटियों से परिचित कराएँ तथा उनका उन्मूलन करें।

## MARKING SCHEME

### Question 3

अपठित गद्यांश

(i) राजा कंचनदेव के राज्य में बहुत गरीबी थी। लोग कमज़ोर थे और धरती में कुछ उगता न था। चारों और भुखमरी थी। एक दिन राजा कंचनदेव राज्य की दशा से चिंतित हो उठे।

(ii) राजा कंचनदेव अपने राज्य की दुर्दशा से चिन्तित थे उन्होंने एक साधु को कुछ उपाय करने की प्रार्थना की। साधु ने राजा को बताया कि कंचनगढ़ के नीचे सचमुच सोने की खान है। इतना कहकर साधु चले गए।

राजा ने खुदाई करवाई। वहाँ सोने की खान निकली। राजा का खजाना सोने से भर गया। राजा ने अपने राज्य में जगह–जगह मुफ्त भोजनालय बनवाए, दवाखाने खुलवाए, चारागाह बनवाए तथा अन्य सुख–सुविधा के साधन उपलब्ध करा दिए।

(iii) कंचनगढ़ की समृद्धि देखकर पड़ोसी रियासत के राजा को ईर्ष्या हुई। उसने अचानक कंचनगढ़ पर चढ़ाई कर दी। उसने राजा से माँग कर दी कि सोना दो या मुझसे लड़ाई करो। कंचनगढ़ के आलसी लोगों के कहने पर राजा ने उसे सोना दे दिया। कुछ दिनों बाद उसी पड़ोसी राजा ने कंचनगढ़ पर फिर चढ़ाई कर दी। इस बार उसका लालच और बढ़ गया था। इस प्रकार उसने कई बार चढ़ाई कर–करके कंचनगढ़ से सोना ले लिया। राजा हर बार अपने आलसी लोगों की सलाह मानकर पड़ोसी राजा को अपना सोना दे देता था क्योंकि वह राजा अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं करता था। वह बहुत आलसी तथा लापरवाह भी हो गया था।

(iv) राज्य को लुटते देख मंत्री परेशान हो गया। वह राजा को कुछ कह नहीं पा रहा था। एक दिन वह उन्हें एक बाग में ले गया जहाँ कबूतर दाना चुग रहे थे। मंत्री ने राजा को दिखाया कि उनके आदेश पर कबूतरों को बिना प्रयास के ही दाना मिल रहा था। वे अब दाने–चारे की तलाश की आदत भूल चुके थे और आलसी तथा लालची हो गए थे। शिकारीपक्षी इस बात को जानते थे कि कबूतर तो यहीं आएँगे अतः जब कबूतर वहाँ आते तो वे उन्हें आसानी से मार डालते। यह दशा को देखकर राजा समझ गए कि यही हालत उनके राज्य के लोगों की है। वे काम करना ही भूल गए हैं। हर समय आलस में पड़े रहते हैं। लोगों की इसी कमजोरी का पड़ोसी राजा फायदा उठा रहा था। यदि इसी तरह वे सोना देते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब राज्य के लोगों को भूखा मरना पड़ेगा।

(v) मंत्री ने राजा की आँखें खोल दी थीं। अतः शाम को राजा ने मंत्री को बुलाकर कहा कि नगर के सारे मुफ़्त भोजनालय बंद करवा दो। जो मेहनत करेगा, वही खाएगा। लोग निकम्मे और आलसी होते जा रहे हैं। अब मैं शत्रु को सोना नहीं दूँगा, बल्कि उससे लड़ाई करूँगा। जाओ, सेना को मज़बूत करो। आदेश सुन कर मंत्री की चिंता दूर हो गई वह बहुत खुश हो गया।

# Question 4

Answer the following according to the instructions given :—

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :–

**(i)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के विलोम लिखिए :— [1]

अपना, देव, नवीन, सम्मानित।

**(ii)** निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :— [1]

इच्छा, आदेश, शिक्षक।

**(iii)** निम्नलिखित शब्दों में किन्हीं **दो** शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :— [1]

सफेद, युवा, हिंसक, जागना।

**(iv)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :— [1]

कवित्री, अशीरवाद, कृतग्य, विदूशी।

**(v)** निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** की सहायता से वाक्य बनाइए :— [1]

चंपत होना, डींग हाँकना।

**(vi)** कोष्ठक में दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :—

**(a)** प्राचीन काल में लोग पत्तों की बनी कुटिया में रहते थे। [1]

[रेखांकित का एक शब्द लिखते हुए वाक्य पुनः लिखिए]

**(b)** बीमार होने के कारण सुमन समारोह में नहीं आ सकी। [1]

['इसलिए' का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए]

**(c)** बच्चे आम तोड़ने के लिए वृक्षों पर चढ़ गए थे। [1]

[वचन बदलिए]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने विलोम शब्द सम्मानित के लिए असम्मानित, देव के लिए दनुज लिखा।
मात्राओं का ज्ञान न होने के कारण, वर्तनी की त्रुटियाँ दृष्टिगोचर हुईं।

(ii) कुछ परीक्षार्थियों ने पर्यायवाची शब्दों में दो शब्दों से भी अधिक शब्द लिखे। कुछ परीक्षार्थियों ने शिक्षक के पर्यायवाची में गुरूजन और इच्छा का पर्यायवाची मन लिखा।

(iii) अधिकांश परीक्षार्थी भाववाचक शब्दों में सही प्रत्यय जोड़कर शब्द नहीं बना पाए। युवक–युवकता ''सफेदि'' इत्यादि जैसे शब्द तो त्रुटिपूर्ण थे। वर्तनी की त्रुटियाँ भी दिखाई दीं।

(iv) अधिकतर परीक्षार्थियों ने वर्तनी सुधार में सही मात्राऐं नहीं लगाईं जैसे आर्शीवाद, कवयित्री इत्यादि शब्दों की मात्राऐं लगाना छात्रों को कठिन लगा।

(v) परीक्षार्थियों ने चंपत होना मुहावरे का सही अर्थ न समझ पाने के कारण वाक्य में उचित प्रयोग नहीं किया। कुछ परीक्षार्थियों ने केवल अर्थ लिख दिया लेकिन वाक्य प्रयोग नहीं किया।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– छात्रों को व्याकरण अभ्यास कार्य कक्षा में निरन्तर कराना चाहिए। विलोम शब्द लेखन में दिए गए शब्द हेतु निर्धारित विलोम शब्द ही लिखने पर बल देना चाहिए।

– पर्यायवाची शब्दों का कक्षा में लिखित और मौखिक अभ्यास होना चाहिए। सही वर्तनी सुधार पर बल दें। व्याकरण अभ्यास तथा समय समय पर व्याकरण शब्दों की परीक्षा लिखित रूप में लें।

– भाववाचक संज्ञा के प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाने का अभ्यास कक्षा में कराना चाहिए। नियमों की जानकारी, परिभाषा आदि भी उदाहरण सहित सिखाना चाहिए।

– वर्तनी का ज्ञान छात्रों को नियमित रूप से कराया जाए। श्रुतलेख दिए जाऐं। सही ''उच्चारण'' पर बल दिया जाए। सही लेखन पर बल दें। लिखित कार्य को ध्यानपूर्वक जांचे तथा वर्तनी की त्रुटि सुधारकर शब्द बार बार लिखने को प्रेरित करें।

(vi) ''पर्णकुटी'' शब्द बहुत कम परीक्षार्थियों ने लिखा। झोंपड़े, पन्तकुटी इत्यादि शब्द लिखे। कई परीक्षार्थियों ने लिंग परिवर्तन समझकर उत्तर लिखा, वचन परिवर्तन भी किया। वर्तनी की त्रुटियाँ भी पाई गईं।

– मुहावरों के अर्थ कक्षा में छात्रों को बताऐं तथा वाक्य प्रयोग का मौखिक तथा लिखित अभ्यास भी कराऐं।
मात्राओं के सुधार पर हमेशा बल दें।
– कक्षा में अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का अभ्यास कराया जाए। शुद्ध शब्दों के लेखन का अभ्यास श्रुतलेख देकर सिखाया जाए।
'वचन परिवर्तन', लिंग परिवर्तन इत्यादि का अभ्यास मौखिक तथा लिखित रूप में कराया जाए।

## MARKING SCHEME

## Question 4

(i) अपना – पराया

देव – दानव, दैत्य, राक्षस, असुर, निशाचर, रजनीचर

नवीन – प्राचीन, पुराना, पुरातन

सम्मानित – अपमानित, तिरस्कृत

(ii) इच्छा – अभिलाषा, लालसा, आशा, चाह, कामना, मनोरथ, स्पृहा, आकांक्षा, वांछा, उत्कंठा

आदेश – आज्ञा, हुक्म, निर्देश, अनुमति, निदेश, फरमान, मनोकामना, मनोवांछा, तमन्ना, अरमान, ईप्सा

शिक्षक – गुरू, आचार्य, अध्यापक, ज्ञानदाता, पथप्रदर्शक, मास्टर, उस्ताद, मार्गदर्शक

(iii) सफेद – सफेदी

युवा – यौवन, युवावस्था

थ्हंसक – हिंसा

जगना – जागरण, जागृति

(iv) कवित्री – कवयित्री

आशीरवाद – आशीर्वाद

कृतग्य – कृतज्ञ

विदेशी – विदुषी

(v) चंपत होना – भाग जाना

चोर दुकान से लाखों के गहने चुराकर चम्पत हो गए।

डींग हाँकना – बड़ी–बड़ी बातें करना।

कर्मशील व्यक्ति कभी डींग नहीं हाँकते वह तो कर्म करते है।

(vi) (a) प्राचीन काल में लोग पर्णकुटी में रहते थे। झोपड़ी/पर्णशाला

(b) सुमन बीमार थी इसीलिए समारोह में नहीं आ सकी।

(c) बच्चा आमों को (आम को) तोड़ने के लिए वृक्ष पर चढ़ जाता है। चढ़ा/चढ़ता या/चढ़ गया था। ''आम या आमों'' दोनो ठीक हैं।

# SECTION - B (40 Marks)

*Attempt **four** questions from this Section.*

*You must answer at least **one** question from each of the **two** books, you have studied and any **two** other questions from the same books that you have chosen.*

## साहित्य सागर—संक्षिप्त कहानियाँ
## (Sahitya Sagar — Short Stories)

# Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

उसके अन्तस्तल में वह शोक जाकर बस गया था। वह प्रायः अकेला बैठा–बैठा शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता। एक दिन उसने ऊपर आसमान में पतंग उड़ती देखी। न जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा। विश्वेश्वर के पास जाकर बोला, ''काका ! मुझे एक पतंग मँगा दो।''

[‘काकी’—सियारामशरण गुप्त ]
**[‘Kaki’ — Siyaramsharan Gupt]**

**(i)** ‘उसके’ शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? उसके दुखी होने का क्या कारण था? [2]

**(ii)** क्या देखकर उसका हृदय खिल उठा था ? उसने अपने पिता से क्या माँगा ? [2]

**(iii)** उसने उस चीज का प्रबंध कैसे किया ? क्या उसके इस कार्य को अपराध कहना उचित होगा ? समझाइए। [3]

**(iv)** विश्वेश्वर ने बालक के साथ कैसा व्यवहार किया ? संक्षेप में समझाते हुए उनके इस तरह के व्यवहार का कारण तथा सच्चाई जानने के बाद की स्थिति का भी वर्णन कीजिए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) इस प्रश्न का उत्तर लगभग सभी परीक्षार्थियों ने सही लिखा।

(ii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सटीक उत्तर लिखा।

(iii) ''पतंग लाने का प्रबंध कैसे किया'' इस भाग को तो सभी परीक्षार्थियों ने सही से लिखा लेकिन उसका यह कार्य अपराध है या नहीं इस बात को परीक्षार्थी ठीक से नहीं समझा सके।

(iv) कुछ परीक्षार्थी विश्वेश्वर का बालक के साथ व्यवहार के बदलने का सही कारण ही नहीं बता पाए। वाक्य रचना तथा वर्तनी में भी त्रुटियाँ पाई गईं।
प्रश्न के दूसरे भाग का उत्तर कुछ परीक्षार्थी ठीक प्रकार से नहीं दे पाए।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– छात्रों को कहानी बार–बार पढ़ने के लिए प्रेरित करें तब उन्हें सभी पात्रों के नाम भली प्रकार याद हो जाएंगे। पात्र परिचय भी छात्रों को लिखवाना चाहिए। कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखित और मौखिक रूप से याद कराने चाहिए।
कहानी की ''मुख्य शिक्षा'' भी समझानी चाहिए।

– छात्रों को यह निर्देश देना चाहिए कि प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर सोच विचारकर उत्तर लिखें।

– प्रत्येक पाठ से संबंधित छोटे–छोटे कई प्रश्न कक्षा में पूछने चाहिए। मौखिक और लिखित अभ्यास से ही छात्रों की बौद्धिक सोच विकसित होती है।

– विचारात्मक प्रश्नों का अधिकाधिक अभ्यास करवाना चाहिए। कथा के अन्तिम सन्देश को अपने शब्दों में लिखवाने का खूब अभ्यास कराना चाहिए।
प्रत्येक कहानी की ''नैतिक शिक्षा'' तथा कहानी का सन्देश सभी छात्रों को सिखाना चाहिए। व्याकरण संबंधी अशुद्धियों के निवारण हेतु कक्षा में नियमित अभ्यास करवाएँ।

## MARKING SCHEME

### Question 5

(i) 'उसके' शब्द का प्रयोग अबोध बालक श्यामू के लिए किया गया है। वह विश्वेश्वर तथा उमा का पुत्र था।

उसके दु:ख का कारण यह था कि उसकी माँ की मृत्यु हो गई थी। वह अपनी माँ से बहुत प्यार करता था और उसे 'काकी' कहकर पुकारता था। वह उसका वियोग सहन नहीं कर सका। वह इस कठोर सत्य को स्वीकार नहीं कर पाया था। उसका कोमल बाल मन अपनी माँ को भगवान के घर से वापस बुलाने के लिए हर समय सोच–विचार में डूबा रहता।

(ii) श्यामू एक नादान तथा मासूम बालक था, जिसकी माँ की असमय मृत्यु हो गई थी। वह शोक–सागर में डूब गया था। वह हर समय अपनी माँ को भगवान के घर से वापस बुलाने के लिए शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता। एक दिन उसने आसमान में पतंग उडती देखी। उसे देखकर उसके मन में एक विचार आया और उसका हृदय खिल उठा। उसने अपने पिता से पतंग मँगवाने को कहा। वह पतंग के माध्यम से काकी को अपना संदेश भेजना चाहता था और उन्हें वापस नीचे बुलाना चाहता था।

(iii) बालक श्यामू पतंग पाने के लिए बहुत उत्कंठित था। उसने अपने पिता को पतंग मँगवाने को कहा परन्तु पिता ने उसकी माँग की ओर ध्यान नहीं दिया। वह अपनी इच्छा को किसी भी तरह रोक नहीं सका। एक

जगह खूँटी पर पिता का कोट टंगा था। उसने उसमें से चवन्नी निकाल ली और भोला से पतंग मँगवा ली। भोला सुखिया दासी का पुत्र था और श्यामू का हमउम्र था। श्यामू ने भोला को अपनी सारी योजना बता दी थी अतः भोला ने पतंग के लिए पतली डोरी की जगह मोटी रस्सियाँ मंगवाने का सुझाव दिया। उसने कहा कि पतली डोरी से यदि काकी नीचे उतरतीं तो उसके टूट जाने की सम्भावना थी। अब रस्सियाँ मंगवाने के लिए श्यामू को पुनः पैसों की आवश्यकता पड़ी। उसने दूसरे दिन भी पहले की तरकीब से पिता के कोट से एक रुपया निकाल लिया।

यद्यपि श्यामू ने पैसों का प्रबंध करने के लिए चोरी की थी परन्तु इसे चोरी कहना उचित नहीं होगा क्योंकि वह एक अबोध बालक था, जो अपनी माँ का वियोग सहन नहीं कर पा रहा था। उसके पिता उसके दुःख और मनोभावों को समझ नहीं पा रहे थे। इस प्रकार यह उसका बाल–अपराध था, जो कि क्षमा किया जा सकता है।

(iv) विश्वेश्वर श्यामू के पिता थे। जब उन्हें अपने कोट की जेब में रखे पैसे कम मिले तो वे श्यामू को खोजते हुए सीधे अँधेरी कोठरी में पहुँच गए जहाँ श्यामू और भोला पतंग में मोटी रस्सी बाँध रहे थे और उसे काकी के पास भेजने की तैयारी कर रहे थे। विश्वेश्वर ने पुत्र से सच्चाई जाननी चाही। तभी भोला डर गया और उसने विश्वेश्वर को सच बता दिया कि श्यामू ने पतंग मँगवाने के लिए पैसे निकाले थे। यह सुनते ही विश्वेश्वर को क्रोध आया उसने श्यामू के मुँह पर दो तमाचे जड़ दिए। उसके कान मले और उसे खूब डांटा। पास में रखी उसकी पतंग भी फाड़ दी। विश्वेश्वर एक आदर्शवादी व्यक्ति थे। वे पुत्र की चोरी करने की बात सहन नहीं कर सके। जब भोला ने उन्हें बताया कि श्यामू भैया पतंग तानकर काकी को राम के यहाँ से नीचे उतारेंगे। यह सच्चाई जानने के बाद तो वे हतबुद्धि रह गए। उन्हें दुःख हुआ और अपने किए पर पछतावा भी हुआ। वह सोचने लगे कि वह अपने ही दुःख को बड़ा समझ रहे थे उस बालक के विषय में सोचा ही नही जिस की माँ की मृत्यु हुई है।

# Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

विदेशों में उसके चित्रों की धूम मच गयी। भिखारिन और दो अनाथ बच्चों के उस चित्र की प्रशंसा में तो अखबारों के कॉलम के कॉलम भर गए। शोहरत से ऊँचे कगार पर बैठ चित्रा जैसे अपना सब कुछ भूल गयी।

**['दो कलाकार'—मन्नु भंडारी]**

**['Do Kalakar'—Mannu Bhandari]**

**(i)** 'उसके चित्रों' से क्या तात्पर्य है ? समझाइए। [2]

**(ii)** चित्रा कौन थी ? उसके चरित्र की मुख्य विशेषता को बताइए। [2]

**(iii)** अरूणा कौन थी जब उसे भिखारिन वाली घटना का पता चला तो उसपर क्या प्रभाव पड़ा और उसने क्या किया ? [3]

**(iv)** चित्रकारिता और समाज सेवा में आप किसे उपयोगी मानते हैं और क्यों ? कहानी के माध्यम से समझाइए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने उसके चित्रों का आशय सही से स्पष्ट नहीं लिखा। भिखारिन और अनाथ बच्चों का चित्र इन शब्दों का प्रयोग नहीं किया। अनाथ बच्चों के बारे में कुछ भी नहीं लिखा।

(ii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने चित्रा का परिचय बताया। लेकिन चित्रा की चारित्रिक विशेषताऐं नहीं लिखी।
कुछ परीक्षार्थियों ने चित्रा के चरित्र की विशेषताऐं लिखने के स्थान पर उसके चित्र की विशेषताऐं बताईं।

(iii) सभी छात्रों ने अरूणा का परिचय सही लिखा। कुछ छात्रों ने अरूणा पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन सही नहीं लिखा। उसने बच्चों को गोद लिया यह बात भी कुछ छात्रों ने ठीक से नहीं लिखी।

(iv) अधिकतर परीक्षार्थियों ने चित्रकारिता का वर्णन किया लेकिन समाज सेवा का महत्व नहीं बताया। दोनों में किसी एक को श्रेष्ठ बताना चाहिए था लेकिन कुछ परीक्षार्थियों ने तुलना ही नहीं लिखी। उत्तर लिखते समय छात्र भ्रमित हो गए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- कक्षा में मुख्य बिन्दुओं पर आधारित प्रश्नोत्तर का मौखिक व लिखित अभ्यास करवाएँ।
- चरित्र चित्रण प्रत्येक पाठ के सभी मुख्य पात्रों के विषय में अवश्य लिखवाए जाने चाहिए।
  किसी कहानी में पात्र के चरित्र की सभी विशेषताओं को ध्यान में रखकर कम से कम 3 या 4 विशेषताऐं अवश्य लिखनी चाहिए। उत्तर लिखते समय प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- सभी मुख्य बातों पर कक्षा में मौखिक चर्चा होनी चाहिए। छात्रों को कहानी या अन्य पाठ पढ़ाते समय मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित करा देना चाहिए और स्मरणीय बिन्दुओं को याद करने हेतु प्रेरित करना चाहिए।
  शिक्षकों को कक्षा में प्रत्येक बात भली प्रकार समझानी चाहिए।
- इस प्रकार के तुलनात्मक विश्लेषण का छात्रों को कक्षा में मौखिक और लिखित अभ्यास कराना चाहिए।

  चित्रकारिता तथा समाज सेवा में कौन अधिक उपयोगी है यह भी कक्षा में छात्रों को समझाया जाना चाहिए।

## MARKING SCHEME

### Question 6

(i) 'उस चित्रों' से तात्पर्य उस भिखारिन वाले चित्र से है, तथा अन्य चित्रों से भी है जिन्हें चित्रा ने बनाया था। चित्रा जिस दिन होस्टल से अपने घर जा रही थी, उस दिन वह अपने गुरुजी से मिलने गई थी। लौटते समय उसने गर्ग स्टोर के सामने पेड़ के नीचे भिखारिन को मरी पड़ी देखा। उसके दोनों बच्चे उसके सूखे शरीर के साथ चिपककर बुरी तरह से रो रहे थे। उस दृश्य को देखकर वह स्वयं को रोक न सकी। उसने कच्चा सा रेखाचित्र बना डाला। कालान्तर में उसी विषय पर उसने एक चित्र बना डाला जिसका शीर्षक 'अनाथ' रखा। विदेश में अनेक प्रतियोगिताओं में उसे इसी चित्र पर प्रथम पुरस्कार मिला। जाने क्या था उस चित्र में, जो देखता चकित रह जाता। विदेश में अख़बारों में भी उसे खूब ख्याति मिली। इसी के साथ–साथ चित्रा ने जो अन्य चित्र बनाए थे जैसे बाढ़, कन्फयूजन आदि का उन्हें भी लोगों ने पसन्द किया था।

(ii) चित्रा एक धनी पिता की इकलौती संतान थी। वह अरुणा की घनिष्ठ सहेली थी। वे दोनों एक ही कमरे में रहती थीं। चित्रा एक चित्रकार थी, जो तूलिकाओं व रंगों की दुनिया में निमग्न रहती थी। वह अपनी

कला को ऊँचे आयाम देना चाहती थी। उसके लिए किसी भी घटना का तब तक कोई महत्त्व नहीं रहता जब तक उसमें चित्रकारिता के लिए कोई स्थान न हो।

चित्रा एक महत्त्वाकांक्षी युवती थी। वह विदेश में जाकर खूब धन तथा ख्याति अर्जित करना चाहती थी। उसमें स्वार्थपरता भी दृष्टिगोचर होती है उसने उस भिखारिन को मरी हुई देखकर उसके बिलखते हुए बच्चों का कच्चा रेखाचित्र बना लिया लेकिन उन बच्चों की करुण चीखों से भी उसका हृदय नहीं पसीजा। उसमें भाव–शून्यता और संवेदनहीनता भी दिखाई देती थी जब वह अरुणा को उन गरीब बच्चों को पढ़ाते हुए देखती थी तो उन्हें बन्दर कहकर संबोधित करती थी। निष्कर्षस्वरूप हम कह सकते हैं कि चित्रा एक दृढ़–निश्चयी तथा कर्मठ नारी थी जिसने अपनी मेहनत तथा लगन से खूब ख्याति प्राप्त की थी।

(iii) अरुणा, चित्रा की सहेली थी। वह होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह एक सच्ची समाज–सेविका थी। समाज के निर्धन, असहाय तथा शोषित वर्ग के लिए उसके हृदय में दया, उदारता तथा सहानुभूति की भावना थी। वह बस्ती के चौकीदारों, चपरासियों तथा नौकरों के बच्चों को समय निकालकर पढ़ा देती थी ताकि उनका भविष्य सँवर सके। समाज–सेवा उसके जीवन का मुख्य लक्ष्य था।

(iv) जैसे ही अरुणा को चित्रा से उस भिखारिन की असमय मृत्यु के बारे में पता चला तो उसे अत्यधिक दुःख हुआ। उसके हृदय में उन अनाथ बच्चों के लिए दया, करुणा तथा प्रेम के भाव उत्पन्न हुए। वह तुरंत उनकी सहायता करने के लिए चली गई।

अरुणा ने उन अनाथ बच्चों को अपना लिया। मनोज से विवाह कर उसने उन दोनों बच्चों को गोद ले लिया और उन पर अपनी ममता न्योछावर कर दी। उन बेसहारा बच्चों को माता–पिता का प्यार और सुन्दर घर–संसार मिल गया। इस प्रकार अरुणा ने समाज में एक मिसाल कायम की।

(v) चित्रकला और समाज–सेवा दो भिन्न–भिन्न कलाएँ है। दोनों की कोई तुलना नहीं की जा सकती। चित्रकला एक अभिरुचि है, जिससे मन–बहलाव होता है। इससे धन, प्रतिष्ठा और ख्याति भी प्राप्त होती है। इसमें भावनाओं का कोई स्थान नहीं होता। चित्रकार आत्मकेंद्रित हो जाता है और दूसरों के बारे में नहीं सोचता।

इसके विपरीत समाज–सेवा परोपकार का कार्य है इसमें व्यक्ति समाज के गरीब, बेसहारा तथा शोषित लोगों के उत्थान के लिए कार्य करता है। इससे समाज का भला होता है। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय'।

प्रस्तुत कहानी में चित्रा अपनी चित्रकारिता के क्षेत्र में खूब उन्नति करती है। वह विदेश जाकर खूब पैसा, नाम और शौहरत कमाती है। दूसरी ओर अरुणा गरीब बच्चों को पढ़ाकर उनका भविष्य सँवारती है। बाढ–पीड़ितों की सेवा कर उनके आँसू पोंछती है। अंत में गरीब भिखारिन के अनाथ बच्चों को अपनाकर उन्हें जीवन की सारी खुशियाँ दे देती है। इस प्रकार करुणा की कला एक बड़े परिप्रेक्ष्य में उपयोगी साबित होती है।

# Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

मैंने देखा कि कुहरे की सफेदी में कुछ ही हाथ दूर से एक काली सी मूर्ति हमारी तरफ आ रही थी। मैंने कहा — ''होगा कोई।'' तीन गज की दूरी से दिख पड़ा, एक लड़का, सिर के बड़े–बड़े बाल खुजलाता चला आ रहा था। नंगे पैर, नंगे सिर, एक मैली सी कमीज़ लटकाए है।

**['अपना–अपना भाग्य'—जैनेन्द्र कुमार]**
**['Apna-Apna Bhagya'—Jainendra Kumar]**

**(i)** यहाँ पर किस बालक के सन्दर्भ में कहा गया है ? उस समय उसकी क्या स्थिति थी ? [2]

**(ii)** बालक ने अपने घर–परिवार के सम्बन्ध में क्या–क्या बताया ? [2]

**(iii)** इस समय उस बालक के सामने कौनसी समस्या थी ? क्या उस समस्या का हल हो पाया ? यदि नहीं तो क्यों ? [3]

**(iv)** इस कहानी के माध्यम से लेखक ने हमें क्या सन्देश देना चाहा है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर सन्तोजनक नही लिखा। कुछ परीक्षार्थियों ने पहाड़ी बालक के स्थान पर ''काली मूर्ति'' एक परछाई जैसे बालक का वर्णन किया। कुछ ने सड़क पर घूमते एक बालक का वर्णन किया। कुछ परीक्षार्थियों ने बालक की स्थिति का वर्णन ही नहीं किया।

(ii) बालक के परिवार का वर्णन अधिकांश परीक्षार्थियों ने ठीक ही लिखा। घर का परिचय लिखते समय मात्राओं की त्रुटियाँ दृष्टिगोचर हुईं।

(iii) बालक के सामने ''मकान या आश्रय'' लेने की समस्या थी। उसे घर रहने को नहीं मिला। अधिकांश बच्चों ने बिलकुल सही उत्तर लिखा।
''किसी ने भी उसे आश्रय नहीं दिया।'' इस बात का कुछ ही परीक्षार्थियों ने सही वर्णन किया था।

(iv) इस प्रश्न का कई परीक्षार्थियों ने अच्छी प्रकार से उत्तर नहीं दिया। परीक्षार्थी कहानी के माध्यम से लेखक द्वारा दिया जाने वाला सन्देश भी नहीं लिख पाए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– कक्षा में पाठ पढ़ाते समय मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कराऐं। छात्रों को बालक की चारित्रिक विशेषताऐं अवश्य याद कराऐं।

– भाषा, वाक्य रचना तथा व्याकरण संबंधी त्रुटियों को दूर करने के लिए कक्षा में लिखित अभ्यास कार्य कराएँ। छात्र जहाँ त्रुटि करें वहीं पर तुरन्त सुधार कराएँ।

– पाठ के मूलभाव को छात्रों को भली–भाँति समझाना चाहिए। प्रश्नोत्तर का कक्षा में नियमित अभ्यास करवाना चाहिए।

– कहानी का कक्षा में सस्वर वाचन कराएँ। वाचन कराते समय कहानी के मूलभाग को छात्रों को लिखवाना चाहिए। छात्रों को कहानी के माध्यम से मिलने वाले सन्देश का भी कक्षा में नियमित अभ्यास कराया जाना चाहिए।

## MARKING SCHEME

### Question 7

(i) यहाँ पर एक पहाड़ी बालक के सन्दर्भ में कहा गया है। उसकी उम्र दस–बारह वर्ष होगी। वह नैनीताल से करीब पंद्रह कोस दूर गाँव का रहने वाला एक गरीब बालक था।

लेखक और उसके मित्र नैनीताल घूमने आए थे। संध्या समय वे बैंच पर बैठे मौसम का आनंद ले रहे थे तभी उन्हें दूर से वह पहाड़ी बालक आता दिखाई दिया। उसके तन पर कमीज लटकी हुई थी। वह नंगे पैर और नंगे सिर था जहाँ हाड़ कँपा देने वाली सर्दी पड़ रही थी। उसके सिर के बाल बड़े–बड़े थे, जिनमें धूल भरी हुई थी। वह सिर को खुजलाता हुआ उसी दिशा में चला आ रहा था। वह गोरे रंग का था परन्तु मैल जमने से उसका रंग काला पड़ गया था। उसकी आँखें बड़ी–बड़ी पर सूनी थीं। माथे पर दुःख व चिंताओं के मारे इसी उम्र में झुर्रियाँ पड़ गई थीं। इस प्रकार छोटी उम्र में ही वह लड़का बहुत गरीब तथा दुखी एवम् अनाथ नज़र आ रहा था।

(ii) लेखक और उसके मित्र ने उस पहाड़ी बालक से उसके परिवार के विषय में पूछा तो उसने बताया कि नैनीताल से कुछ पंद्रह कोस दूर उसका गाँव है। उसके माता–पिता अत्यधिक गरीब है। उसके कई भाई–बहन हैं। पिता की इतनी कमाई नहीं कि वे सबका भरण–पोषण कर सकें। माता–पिता दोनों भूखे रहते थे और माँ दिन–रात रोती रहती थी। घर में कुछ खाने को नहीं था इसलिए वह रोजी–रोटी की तलाश में अपने गाँव के एक साथी के साथ यहाँ भाग आया।

(iii) वह बालक अपने गाँव के मित्र के साथ नैनीताल मे रोजी–रोटी की तलाश में आया था। वह एक दुकान में काम करता था जहाँ उसे सारा काम करने के बदले एक रुपया पगार और जूठा खाना मिलता था। वह रात में उसी दुकान में सो जाता था। इस प्रकार उसका गुज़ारा हो रहा था। आज एकाएक उसके मालिक ने उसे काम से निकाल दिया था। अतः इस समय उसके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं था। उस पहाड़ी क्षेत्र में भयानक शीत पड़ रही थी। उसके पास तन ढकने को कपड़े नहीं थे। वह दिन भर का भूखा था। लोग नैनीताल के सर्द मौसम का आनंद ले रहे थे और यह बालक सड़क पर मारा–मारा फिर रहा था। इस प्रकार उस बेसहारा बालक के सामने रोटी, कपड़ा, और मकान तीनों मुख्य समस्याएँ थीं।

जब लेखक और उसके मित्र ने उस बालक की दयनीय दशा देखी तो उनका हृदय पसीज गया। वे उसे अपने एक वकील मित्र के यहाँ ले गए। उन्हें एक नौकर की आवश्यकता थी। वकील मित्र एक अपरिचित पहाड़ी बालक को अपने यहाँ नौकर रखने के लिए तैयार नहीं हुए। उनका मानना था कि पहाड़ी लोग बहुत शैतान होते हैं। बच्चे–बच्चे में चोरी के गुर छिपे होते हैं।

इस प्रकार उस बच्चे की समस्या हल नहीं हो पाई क्योंकि वकील साहब के हृदय में दया भावना तथा मानवता नहीं थी। वे शक्की किस्म के व्यक्ति थे। वे पहाड़ी लोगों पर विश्वास नहीं कर सकते थे। लेखक और उसके मित्र ने भी अपना–अपना भाग्य कहकर अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इस प्रकार दुनिया की क्रूरता व बेरूखी का शिकार वह बच्चा सर्दी से ठिठुर–ठिठुर कर मर गया।

(iv) यह एक शिक्षाप्रद कहानी है जो मनोवैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इसमें समाज के तीन वर्गों का रेखाचित्र प्रस्तुत किया गया है। समाज का एक वर्ग जो दीन–हीन है। वह रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी असमर्थ है। लेखक उनके प्रति हमारे हृदय में दया तथा उदारता की भावना उत्पन्न करना चाहते हैं और उनकी स्थिति में परिवर्तन लाना चाहते हैं।

दूसरी ओर उच्च वर्ग है, जो धनी तथा संपन्न है। वह स्वयं सुख–सुविधाओं का भोग करता है और गरीबों के प्रति निर्ममतापूर्ण व्यवहार करता है, उनका शोषण करता है। वह गरीबों पर अविश्वास करता है और उनको हमेशा शक की नज़र से देखता है।

निम्न और उच्च वर्ग के बीच में मध्य वर्ग है जो आत्मकेंद्रित होता है। वह गरीबों के प्रति दया भावना तो रखता है परन्तु उसके लिए कोई त्याग नहीं करना चाहता। यह समाज की क्रूरता तथा स्वार्थ को किस्मत का खेल कहकर अपने उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाता है। इस प्रकार लेखक यहाँ पर मनुष्य की पलायनवादी

प्रवृत्ति की ओर संकेत करता है और अंत में यह कहना चाहता है कि हर व्यक्ति का अपना–अपना भाग्य होता है।

जिस प्रकार से इस कहानी में उस गरीब बालक की ऐसी स्थिति का जिम्मेदार समाज ही है और वही समाज चाहे लेखक तथा उसका मित्र ही क्यों न हो या फिर लेखक का वकील मित्र सभी अपनी–अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ कर उस बालक को भाग्य के सहारे छोड़ देते है।

## साहित्य सागर — पद्य भाग

## (Sahitya Sagar — Poems)

# Question 8

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी मे लिखिए :—

''मैया मेरी, चंद्र खिलौना लेहौं।।
धौरी को पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुथैहौं।
मोतिन माल न धरिहौं उर पर झुंगली कंठ न लैहौं।
जैहौं लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न ऐहौं।।
लाल कहैहौं नंद बाबा को, तेरो सुत न कहैहौं।।''

**['सूर के पद'—सूरदास]**
**['Sur Ke Pad'–Surdas]**

(i) प्रस्तुत पद्य में कौन अपनी माता से ज़िद कर रहे हैं ? वे क्या प्राप्त करना चाहते हैं ? [2]

(ii) उनकी माता कौन हैं ? वे अपने पुत्र को देखकर कैसा अनुभव कर रही हैं ? स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) खिलौना न मिलने की स्थिति में बाल कृष्ण अपनी माँ को क्या–क्या धमकियाँ दे रहे हैं? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) रूठे हुए बालक को बहलाने के लिए माँ क्या कहती है ? बालक पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है ? सूरदास जी की भक्ति भावना का परिचय देते हुए समझाइए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) कृष्ण का अपनी माँ से चांद रूपी खिलौना माँगने की बात सभी परीक्षार्थियों ने सही लिखी। कुछ छात्रों ने भाषा में मात्राओं की त्रुटि की।

(ii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने ''यशोदा'' का नाम लिखा परन्तु कुछ परीक्षार्थियों ने 'यशोधरा' लिख दिया। कुछ परीक्षार्थियों ने 'देवकी' का नाम भी लिखा।

(iii) ''माता के द्वारा कैसा अनुभव किया जा रहा है'' इस प्रश्न का उत्तर परीक्षार्थी भली प्रकार नहीं लिख पाए।
अधिकांश परीक्षार्थियों ने कृष्ण की सभी प्रकार की धमकियों का सटीक उल्लेख किया।
वर्तनी तथा वाक्य संरचना की त्रुटियाँ पाई गईं।

(iv) इस प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर ठीक लिखा। लेकिन सूर की भक्ति भावना कैसी थी ? इस विषय पर सगुण साकार ''भक्ति भावना'' लिखने में अधिकांश परीक्षार्थी भ्रमित हो गए। ''जीवन परिचय'' भी कुछ परीक्षार्थियों ने लिखा लेकिन भक्ति भावना लिखना भूल गए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– कविता का भावार्थ, शब्दार्थ सहित सभी छात्रों को स्पष्ट किया जाना चाहिए। कविता, कवि परिचय इत्यादि पर विषय चर्चा कक्षा में करनी चाहिए। लिखित भावार्थ भी कक्षा कार्य में करवाया जाना चाहिए।

– कविता के सभी प्रश्नों का लिखित रूप में अभ्यास कराएं। मौखिक प्रश्न पूछकर भी छात्रों की जिज्ञासा को जागृत करें। पात्रों के नाम भी मौखिक रूप से कक्षा में याद कराने चाहिए। पुनः पुनः कविता पढ़ें तथा अभ्यास कराएं।

– कक्षा में लिखित कार्य करवाने पर बल दें। छात्रों को वाक्य रचना, व्याकरण और वर्तनी से सम्बन्धित त्रुटियों को दूर करने हेतु लिखित अभ्यास कराएँ।

– सूर का जीवन परिचय, भक्ति भावना, भाषा, गुरू का नाम इत्यादि का परिचय कक्षा में स्वयं बताना चाहिए। इन बातों का मौखिक एवं लिखित अभ्यास भी होना चाहिए।कवि की विशेषताएं छात्रों को याद करानी चाहिए।

## MARKING SCHEME

### Question 8

(i) प्रस्तुत पद्य में श्रीकृष्ण अपनी माता यशोदा से ज़िद कर रहे हैं। वे चाँद को खिलौना समझ रहे हैं और उसे पाने का हठ कर रहे हैं। वे चन्द्रमा के सौन्दर्य पर मुग्ध हो गए हैं। और उसे पाने के लिए माँ को तरह–तरह की धमकियाँ भी दे रहे हैं। प्रस्तुत पद्य वात्सल्य रस से परिपूर्ण है। इसमें श्रीकृष्ण की बाललीला का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि अबोध बालक किसी भी वस्तु को पाने का हठ कर बैठते हैं। ऐसे में माँ उन्हें बहला–फुसलाकर मना ही लेती है।

(ii) श्रीकृष्ण की माता यशोदा हैं। वे अपने पुत्र के क्रियाकलाप देखकर अत्यधिक हर्षित हो रही हैं। उनके हृदय में वात्सल्य भाव है अतः उन्हें अपने पुत्र का रूठना, मनुहार करना तथा ज़िद करना बहुत प्रिय लग रहा है। वे उन्हे बड़े प्यार से पालने में झुलाती हैं। उनसे खूब लाड़–दुलार करती हैं तथा उन्हें पुचकारती जाती हैं। जब श्रीकृष्ण आँखों में नींद भरी होने के कारण चिड़चिड़ाने लगते हैं तो वे मधुर गीत सुनाकर उन्हें सुलाने का प्रयास करती हैं। उनके मुख पर शान्ति का भाव देखकर माता यशोदा आत्मिक संतोष का अनुभव करती हैं।

(iii) बच्चे बड़े ही हठी स्वभाव के होते हैं। वे अपनी हर बात मनवाना चाहते हैं। यदि माँ बच्चे की माँग पर ध्यान नहीं देती तो वे उसे धमकियाँ देने लगते हैं। ऐसे ही बाल श्रीकृष्ण चाँद को खिलौना समझ उसे पाने का हठ कर बैठते हैं। जब यशोदा माँ उनकी माँग पर ध्यान नहीं देतीं तो वे उन्हें धमकी देते हुए कहते है

कि यदि तुम मुझे चाँद रूपी खिलौना नहीं दोगी तो मैं तुम्हारी कोई बात नहीं मानूगाँ। मैं सफ़ेद गाय का दूध भी नहीं पीऊँगा। अपने बालों की चोटी भी नहीं गुथवाऊँगा। अपने हृदय पर मोतियों की माला भी नहीं धारण करूँगा। गले में वस्त्र भी नहीं डालने दूँगा। अभी ज़मीन पर लोट जाऊँगा और तेरी गोद में भी नहीं आऊँगा। सिर्फ नंद बाबा का लाल कहलाऊँगा। तेरा सुत कभी भी नहीं बनूँगा। इस प्रकार जब कृष्ण माँ को धमकियाँ देते हैं तो वे उन्हें बहलाने लगती हैं।

(iv) बाल कृष्ण की धमकी सुनकर यशोदा माँ उन्हें बहलाने लगती हैं। वे चुपके से उनके कान में कहती हैं ताकि बलराम न सुन लें। वे कहती हैं कि तेरे लिए चाँद से भी सुन्दर नयी–नवेली दुल्हन लाऊँगी और तेरे साथ उसका ब्याह रचाऊँगी।

माँ की बात सुनकर बालक श्रीकृष्ण अत्यधिक प्रसन्न हो जाते हैं। वे उनके बहकावे में आ जाते हैं। वे ब्याह के लिए इतने अधिक उत्साहित हो जाते हैं कि अपनी माँ से कहते हैं कि माँ मुझे तेरी सौगंध है, मैं अभी ब्याह करने जाऊँगा। मेरे सारे बाराती बन जाएँगे और वे मंगल गीत गाएँगे। इस प्रकार अबोध श्रीकृष्ण अपनी दुल्हन को चाँद रूपी खिलौना समझकर उसे शीघ्र ही पाना चाहते हैं और उसके लिए अधीर हो उठते हैं।

सुरदास जी सगुण धारा के श्रेष्ठ कवि थे, उनकी भक्ति सखा भाव दास्य भाव की थी, वे वात्सल्य रस के सम्राट थे। वह ईश्वर के समक्ष अनेक प्रकार की विनय भावना रखते थे।

# Question 9

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

''न्यायोचित सुख सुलभ नहीं
जब तक मानव–मानव को
चैन कहाँ धरती पर तब तक
शांति कहाँ इस भव को ?
जब तक मनुज–मनुज का यह
सुख भाग नहीं सम होगा
शमित न होगा कोलाहल
संघर्ष नहीं कम होगा।''

**[ 'स्वर्ग' बना सकत हैं — 'रामधारो सिंह 'दिनकर' ]**

**['Swarg Bana Sakte Hai'—Ramdhari Singh 'Dinkar']**

**(i)** 'भव' शब्द का क्या अर्थ है ? कवि के अनुसार इस भव में शांति क्यों नहीं है ? [2]

**(ii)** शब्दों के अर्थ लिखिए — न्यायोचित, सम, सुलभ, कोलाहल। [2]

**(iii)** 'शमित न होगा कोलाहल संघर्ष नहीं कम होगा' पंक्ति का भावार्थ लिखिए। [3]

**(iv)** उपरोक्त पंक्तियाँ 'दिनकर जी' की किस प्रसिद्ध रचना से ली गई है ? कविता का केन्द्रीय भाव लिखते हुए बताइए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने भव शब्द का अर्थ सही नहीं लिखा। संसार में शांति क्यों नही है इसका भावार्थ भी स्पष्ट नहीं किया।

(ii) कुछ परीक्षार्थी शब्दों के अर्थ सही नहीं लिख पाए। कहीं कहीं वर्तनी की अशुद्धियाँ भी दिखाई दीं।

(iii) प्रस्तुत प्रश्न में ''शमित'' शब्द की व्याख्या करने में कुछ परीक्षार्थी असमर्थ रहे।
इस कविता में सटीक भावार्थ की व्याख्या कम ही परीक्षार्थियों ने की।

(iv) अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रसिद्ध पुस्तक 'कुरुक्षेत्र' का नाम नहीं लिखा। कुछ परीक्षार्थियों के द्वारा 'साहित्य सागर' पुस्तक का नाम लिखा गया और कुछ परीक्षार्थियों ने कविता का ही नाम लिख दिया।
प्रश्न के दूसरे भाग में भी केन्द्रीय भाव लिखने में मात्राओं की त्रुटियाँ दिखायी दीं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- कविता पढ़ाते समय कविता का भावार्थ और शाब्दिक अर्थ छात्रों को अवश्य समझाएँ और लिखवाएँ।
भावार्थ की विशद व्याख्या कक्षा में कई बार होनी चाहिए।
- कठिन शब्दों के अर्थ लिखवाकर छात्रों से मौखिक रूप से अभ्यास कराया जाए।
वाक्य संरचना व वर्तनी सुधार का अभ्यास कराएें।
- कविता का भावार्थ सरल व स्पष्ट रूप में समझाया जाना चाहिए।
लिखित अभ्यास भी जरूरी है। कवि के द्वारा सांकेतिक भाषा का भी अर्थ समझाया जाए।
- कविता का केन्द्रीय भाव सभी छात्रों की अभ्यास पुस्तिका में लिखवाना चाहिए।
कवि और कविता का संक्षिप्त परिचय भी समझाना चाहिए।
सभी कविताओं का मूलभाव, विशेषताऐं अवश्य ही लिखवानी चाहिए। कवि की प्रमुख रचनाओं के नाम भी बतानें चाहिए।

## MARKING SCHEME

### Question 9

(i) 'भव' शब्द का अर्थ 'संसार' (धरती) होता है। कवि धरती पर स्वर्ग बनाना चाहते हैं। वे कहते हैं कि जब तक धरती पर रहने वाले प्रत्येक मनुष्य को न्यायपूर्ण सुख प्राप्त नहीं होता तब तक इस संसार में अमन, चैन और शांति स्थापित नहीं हो सकती। कवि के कहने का तात्पर्य यह है कि ईश्वर ने इस संसार के सभी मनुष्यों के लिए एक समान रूप से सुख–साधन उपलब्ध किए है परन्तु मानव स्वार्थ में अंधा होकर दूसरों के सुख–साधन छीन लेता है। इस प्रकार मानवता का हनन होता है। ऐसे में धरती पर सुख–चैन स्थापित नहीं हो सकता। सम्पूर्ण संसार का विकास तभी संभव हो पाएगा जब सभी मनुष्यों के साथ न्याय और समानता का व्यवहार होगा और उन्हें विकास के समान अवसर प्राप्त होंगे। कोई किसी का अधिकार छीनने का प्रयास नहीं करेगा।

(ii) न्यायोचित – न्याय के अनुसार उचित (ठीक), न्यायसंगत नियम के अनुसार

सम – बराबर, समता, समान

सुलभ – आसानी से मिलने वाला, आसानी से उपलब्ध/आसानी से प्राप्त होने वाला।

कोलाहल – शोरगुल, शोरशराबा।

(iii) जब तक प्रत्येक मनुष्य को अपने भाग का सुख नहीं मिलेगा और सबका भाग एक जैसा नहीं होगा तब तक यह शोर यह लड़ाई झगड़ा समाप्त नहीं होगा। मनुष्यों में आपसी विषमता के कारण यह अशांति बनी ही रहेगी। 'सर्वे सन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' कवि मानव–कल्याण की भावना से अभिभूत हैं और धरती पर रहने वाले सभी मनुष्यों के सुख–कल्याण की कामना करते हैं। उनका मानना है कि धरती पर अमन–शान्ति तभी स्थापित हो सकती है जब सभी मनुष्यों को जीने के लिए सामान अधिकार मिलेंगे और उनमें आपसी विद्वेष की भावना मिट जाएगी। लोगों में मानवीय मूल्यों का विकास करना होगा। उन्हें निजी स्वार्थ, अंहकार, लालच तथा संचय की भावना से ऊपर उठाना होगा। ऊँच–नीच, जात–पात, धर्म–सम्प्रदाय आदि के नाम पर किए जाने वाले भेदभाव दूर करने होंगे। सभी के हृदय में प्रेम, दया, सहानुभूति, त्याग, भाईचारा, सहनशीलता आदि सदभावनाएँ उत्पन्न करनी होगी। जब सभी मनुष्य 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत का अनुसरण करेंगे तो संसार में शांति स्थापित हो सकेगी।

(iv) उपरोक्त पंक्तियाँ 'दिनकर जी' की प्रसिद्ध रचना 'कुरुक्षेत्र' से ली गई हैं ये पंक्तियाँ भीष्म पितामह और युधिष्ठिर को आत्मग्लानि तथा अपराधबोध होने के कारण समझाते हुए कह रहे है। कवि धरती पर स्वर्ग बनाना चाहते है।। उनका मानना है कि ईश्वर ने सभी मनुष्यों को एक समान बनाया है। उनके जीने के लिए धरती पर प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक सम्पदा उत्पन्न की है अतः हमें उसका समान रूप से वितरण करना चाहिए। सभी व्यक्तियों के साथ हमें न्यायपूर्ण व्यवहार करना चाहिए तथा उन्हें उन्नति के समान अवसर प्रदान करने चाहिए। हमें अपने भीतर प्रेम, दया, सहानुभूति, निःस्वार्थ सेवा आदि मानवीय गुणों का विकास करना चाहिए। किसी भी मनुष्य को तुच्छ या छोटा समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। हमें अपने भीतर से स्वार्थ, लोभ, अहंकार, ईर्ष्या, असंतोष, हिंसा, बैर आदि दुर्भावनाओं को दूर करना चाहिए। हमें आपसी मनमुटाव तथा लड़ाई–झगड़े दूर कर प्रेम तथा भाईचारे के साथ रहना चाहिए। हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए अपने आसपास खुशहाली का वातावरण बनाना चाहिए। इस प्रकार हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को चरितार्थ कर धरती पर स्वर्ग बना सकते हैं।

# Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

जन्मे जहाँ थे रघुपति जन्मी जहाँ थी सीता।
श्री कृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।।
गौतम ने जन्म लेकर जिसका सुयश बढ़ाया।
जग को दया दिखाई, जग को दिया दिखाया।।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृ भूमि मेरी।।

**['वह जन्मभूमि मेरी'— सोहनलाल द्विवेदी]**

**['Wah Janamabhumi Meri'—Sohanlal Dwivedi]**

**(i)** प्रस्तुत कविता किस प्रकार की है इस कविता में किसका गुणगान किया गया है? [2]

**(ii)** कवि ने भारत को युद्धभूमि और बुद्धभूमि क्यों कहा है ? समझाकर लिखिए। [2]

**(iii)** प्रस्तुत कविता में जन्मभूमि की किन–किन प्राकृतिक विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ? स्पष्ट कीजिए। [3]

**(iv)** प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने भारत को किन–किन महापुरुषों की भूमि कहा है ? कविता का केन्द्रीय भाव लिखते हुए स्पष्ट कीजिए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) यह किस प्रकार की कविता है उसका उत्तर सही ढंग से कुछ ही परीक्षार्थियों ने लिखा।
प्रश्न के दूसरे भाग में देश की प्रशंसा है ऐसा भी कुछ ही परीक्षार्थियों ने लिखा। भाषा और मात्राओं की त्रुटियाँ पाई गईं।

(ii) युद्धभूमि, बुद्धभूमि में महाभारत आदि युद्ध का वर्णन किया। कुछ परीक्षार्थियों ने बुद्धभूमि में बुद्धि से जोड़कर उत्तर लिखें।

(iii) कुछ परीक्षार्थी जन्मभूमि की प्राकृतिक विशेषताऐं नहीं लिख सके।
कुछ परीक्षार्थियों ने प्रकृति की विशेषताओं के स्थान पर महापुरूषों की विशेषताऐं लिख दी।

(iv) अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्न के इस भाग में पूछे गए महापुरूषों का नाम सही–सही लिखा लेकिन कविता के केन्द्रीय भाव का अर्थ लिखा ही नहीं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– कविता में वर्णित एकएक भाव का सटीक वर्णन कक्षा में समझाया जाना चाहिए। मूलभाव, व्याख्या, भावार्थ भी सम्पूर्ण कविता का कक्षा में लिखवाया जाना चाहिए।

– भाषा वर्तनी सुधार पर बल दें। कविता का भावार्थ समझाते हुए एक एक शब्द की विशद व्याख्या करें। मौखिक अभ्यास भी कराऐं।

– ''कविता का भावार्थ'' बताते समय भौगोलिक और प्राकृतिक विशेषताऐं भी बताना चाहिए।
सभी विशेष बातें छात्रों को अभ्यास पुस्तिका में समझाकर लिखवाऐं।

– प्रत्येक कविता में निहित केन्द्रिय भाव को छात्रों को बार–बार स्पष्ट करें एवं लिखवाएँ। प्रश्नोत्तर के माध्यम से छात्रों की विचाराभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करें।

## MARKING SCHEME

### Question 10

(i) यह देश भक्ति से परिपूर्ण कविता है।

'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' अर्थात जननी और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से भी श्रेष्ठ और महान होता है। इसी भावना से ओतप्रोत कवि ने भारत भूमि का गुणगान किया है। उनके हृदय में मातृभूमि के प्रति प्रेम तथा श्रद्धा भावना है क्योंकि उनका मानना है कि इसकी रज में लोट–लोटकर हम बड़े हुए हैं। इसने हमें पौष्टिक आहार दिए और हमारा पालन–पोषण किया। इसका ऋण हम कभी भी नहीं चुका सकते। कवि ने भारत की विभिन्न विशेषताओं का उल्लेख कर उसकी महानता की ओर हमारा ध्यान केन्द्रित किया है। कवि ने भारत की प्राकृतिक सुषमा का अलौकिक वर्णन किया है। देश में जन्म लेने वाले महापुरुषों का उल्लेख कर कवि ने हमारे भीतर अपनी मातृभूमि के प्रति अनूठा अनुराग उत्पन्न किया है। कवि भारत का उत्थान चाहते हैं इसलिए भारतवासियों के हृदय में राष्ट्रीयता की भावना जगाने का प्रयास कर रहे हैं।

(ii) कवि ने भारत भूमि को युद्धभूमि कहा है क्योंकि यहाँ पर सत्य की रक्षा के लिए अनेक युद्ध हुए। कवि महाभारत की भीषण लड़ाई का उल्लेख करते हुए कहते है। कि यह युद्ध असत्य पर सत्य की विजय दिखाता है। इस युद्ध में श्रीकृष्ण अर्जुन के सारथी बने थे। उन्होंने युद्ध स्थल पर अर्जुन को गीता का परम ज्ञान दिया था– 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'। इस उपदेश ने अर्जुन के ज्ञान–चक्षु खोले थे, जिससे वे युद्ध के लिए तैयार हो गए थे और विजयी हुए थे।

कवि ने भारत को बुद्धभूमि इसलिए कहा है क्योंकि यहाँ परम ज्ञानी महात्मा गौतम बुद्ध उत्पन्न हुए थे जिन्होंने दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। जीव–मात्र के प्रति प्रेम और दया भावना सिखाई। उन्होंने सम्राट अशोक का हृदय–परिर्वतन किया था और उन्हें मानवता का पाठ पढ़ाया था। 'बुद्धं शरणं गच्छाामि' की गूँज सारे विश्व में सुनाई दे रही है।

(iii) प्रस्तुत कविता में कवि ने भारत के प्राकृतिक सौन्दर्य का अनुपम वर्णन किया है। कवि कहते हैं कि भारत एक ऐसा देश है जिसके मस्तक पर सबसे ऊँचा हिमालय पर्वत मुकुट के सामान सुशोभित है। उसके चरणों में सागर बहते हैं। ऐसा लगता है मानो सागर भारत माता के चरण धो रहे हों। हमारे देश में गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी पावन नदियाँ बहती हैं और धरा को सरसाती हैं। यहाँ घने जंगल हैं तथा ऊँचे–ऊँचें पहाड़ हैं। पहाड़ों से अनेक झरने बहते हैं। झाड़ियों में से चिड़ियों के चहचहाने का मधुर स्वर सुनाई देता है। आम के पेड़ों पर कोयल मधुर आवाज़ में कूकती है। मलय पर्वत से आने वाली शीतल हवा वातावरण को मनमोहक बनाती है। इस प्रकार भारत भूमि पर 'सुजलाम सुफलाम, मलयज शीतलाम' का सौन्दर्यपूर्ण प्रत्यक्ष नज़ारा दिखाई देता है।

(iv) कवि ने भारत भूमि को महापुरुषों की भूमि कहा है क्योंकि इसी पुण्य भूमि पर बड़े–बड़े महापुरुषों ने जन्म लिया था और अपने चरित्र, ज्ञान और उपदेशों के माध्यम से देशवासियों का मार्गदर्शन किया था। हमारी मातृभूमि पर रघुवंशी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने जन्म लिया था। इसी पुनीत धरा पर आदर्श नारी सीता भी प्रकट हुई थी। यही पर श्रीकृष्ण जी ने अपनी मधुर बाँसुरी की धुन बजाई थी और देशवासियों को मंत्र–मुग्ध किया था। महाभारत के युद्धस्थल पर श्रीकृष्ण ने भटके हुए अर्जुन को पावन गीता का उपदेश दिया था और उसे सत्य की राह दिखाई थी। इसी भूमि पर महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। जिन्होंने सारी दुनिया को अहिंसा और मानवता का पाठ पढ़ाया और निष्काम कर्म करने की प्रेरणा दी थी। इस प्रकार भारत में अनेक महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपने महान कार्यों से भारत के यश–ख्याति में वृद्धि की।

प्रस्तुत कविता लेखन का मुख्य भाव देश भक्ति को जागृत करना तथा बढ़ावा देना है। भारत के प्राकृतिक सौन्दर्य तथा गौरवशाली अतीत के दर्शन कराना है। कवि यह भी चाहते हैं कि आज की युवापीढ़ी पूर्वजों द्वारा किए गए सत्कर्मों से परिचित हो, देशवासी कृष्ण तथा गौतम बुद्ध द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलें।

## नया रास्ता (सुषमा अग्रवाल)
## (Naya Rasata — Sushma Agarwal)

# Question 11

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

"मीनू ......... अरे मीनू कैसे कर सकती है ? यह रस्म तो शादीशुदा बहन ही कर सकती है। मीनू की तो अभी शादी भी नहीं हुई।"

**(i)** उपर्युक्त कथन की वक्ता कौन है उसका परिचय दीजिए। [2]

**(ii)** वक्ता ने क्यों कहा कि मीनू यह रस्म नहीं कर सकती ? यहाँ किस रस्म की बात हो रही है ? [2]

**(iii)** वक्ता की बात सुनकर मीनू तथा मीनू की माँ की स्थिति का वर्णन करते हुए बताइए कि क्या उसके द्वारा वह रस्म पूरी की गई थी ? स्पष्ट कीजिए। [3]

**(iv)** "एक अविवाहित स्त्री को समाज में उचित सम्मान नहीं मिलता।" उपन्यास के आधार पर अपने विचार लिखिए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) बुआ के स्थान पर कतिपय परीक्षार्थियों ने ''मौसी'' शब्द का प्रयोग किया । कुछ परीक्षार्थी वक्ता का सह परिचय लिखने में विफल रहे।

(ii) कुछ परीक्षार्थी मीनू द्वारा रस्म अदा नहीं करने की बात को स्पष्ट नहीं कर पाए।

(iii) कुछ परीक्षार्थी मीनू और मीनू की माँ की स्थिति को स्पष्ट कर पाने में असमर्थ रहे। मुख्य बिन्दुओं का अभाव रहा।

(iv) अधिकांश परीक्षार्थियों ने अविवाहित स्त्री के सम्मान के बारे में तर्कसंगत उत्तर नहीं लिखे। परीक्षार्थियों द्वारा लिखे गए वर्णन में परिपक्व विचारों की कमी दिखायी दी।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- पात्रों के नाम तथा उनकी चारित्रिक विशेषताओं से छात्रों को परिचित कराएें। प्रश्नोत्तर का लिखित अभ्यास कराएें। उपन्यास को 2–3 बार पढ़ने के लिए प्रेरित करें।
- छात्रों को एकाग्रचित होकर उपन्यास के प्रत्येक अध्याय पर ध्यान देने को प्रेरित करें एवं उसमें वर्णित एक एक घटना का बिन्दुवार विश्लेषण जैसे इसका कारण एवं परिणाम विस्तारपूर्वक कक्षा में समझाया जाना चाहिए।
- छात्रों को विचारात्मक प्रश्नों का अधिकाधिक अभ्यास करवाया जाना चाहिए। मुख्य बिन्दुओं को भी लिखवाना चाहिए।
- विचारात्मक और तर्कपूर्ण प्रश्नों का यथोचित अभ्यास करवाया जाना चाहिए। ताकि छात्रों की योग्यता में वृद्धि हो।

## MARKING SCHEME

### Question 11

(i) उपर्युक्त कथन मीनू की वक्ता बुआजी है जो मीनू के पिता की बहन है वह स्पष्टवक्ता, कटुभाषी महिला है।

(ii) वक्ता ने यह कथन इसलिए कहा क्योंकि वह रस्म सिर्फ शादी–शुदा बहन ही कर सकती है और मीनू अविवाहित थी। मीनू की छोटी बहन का विवाह हो रहा है। यहाँ विवाह की रस्म जिसमें बड़ी बहन को आरती उतारनी होती है, उसी रस्म की बात हो रही है।

(iii) वक्ता की बात सुनकर मीनू का चेहरा मुरझा गया। मीनू के मुरझाये चेहरे को देखकर माँ उसकी मनःस्थिति समझ गई और वक्ता से बोली कि ''आजकल कौन मानता है इन सब बातों को? मीनू ही करेगी सारी रस्में।'' उन्होंने पूजा का थाल सजा कर मीनू को दे दिया। आस–पड़ोस की सभी महिलाओं की कटाक्षपूर्ण निगाहें मीनू को बेचैन कर रहीं थी किंतु फिर भी मीनू के द्वारा ही वह रस्म पूरी की गई।

(iv) ''एक अविवाहित स्त्री को समाज में उचित सम्मान नहीं मिलता।'' यह कथन उपन्यास के आधार पर बिलकुल उपयुक्त है। उपन्यास की नायिका मीनू पढ़ाई के साथ–साथ घर के सभी कार्यों में कुशल है। सामाजिक कारणों के कारण वह विवाह न करने का निर्णय लेती है। उसकी छोटी बहन के विवाह के समय अड़ोस–पड़ोस की महिलाएँ उसके विवाहित होने पर कटाक्ष करती है तथा उसकी बुआ आरती की रस्म करने के लिए केवल इसलिए मना करती है कि वह अविवाहित है। अतः इससे पता चलता है कि अविवाहित स्त्री को आज भी समाज में उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है तथा लोगों के ताने सुनने पड़ते हैं।

# Question 12

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

आखिर सरिता को देखने का दिन आ ही गया। अमित के घर में विशेष चहल–पहल थी। अमित की माताजी में विशेष उत्साह नजर आ रहा था। माताजी के कहने में आकर उसके पिता भी इस रिश्ते में रूचि लेने लगे थे। अमित की बहन मधु भी अपनी होने वाली भाभी को देखने के लिए उत्सुक थी।

**(i)** अमित कौन है उसका संक्षिप्त परिचय दीजिये। [2]

**(ii)** विशेष चहल–पहल का क्या कारण था, इस अवसर पर अमित की स्थिति स्पष्ट कीजिए। [2]

**(iii)** मायारामजी को स्वर्ग की अनुभूति कहाँ और कैसे होती है और क्यों होती है? [3]

**(iv)** अमित और सरिता के बीच हुई बातचीत को संक्षेप में लिखिये। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) इस प्रश्न का उत्तर लगभग सभी परीक्षार्थियों ने सटीक लिखा।
वर्तनी की अशुद्धियाँ दृष्टिगोचर हुईं।

(ii) विशेष चहल पहल का कारण अमित की उपस्थिति थी, कुछ परीक्षार्थी यह बात लिखने में विफल रहे।
वाक्य रचना संबंधी त्रुटियाँ भी देखी गई।
कुछ परीक्षार्थियों ने मायाराम के घर की जगह धनीराम के घर में चहलपहल बतायी।

(iii) ''स्वर्ग की अनुभूति'' का उत्तर लिखने में परीक्षार्थी जगह का सही वर्णन नहीं कर पाए।
कुछ परीक्षार्थियों ने अनुभूति कैसे और क्यों हुई? इसका वर्णन ही नहीं किया।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– उपन्यास का अध्ययन करते समय घटनाक्रम का सही ज्ञान छात्रों को कराया जाए।
वर्तनी सुधार के लिए कठिन शब्दों का श्रुतलेख लिखवाया जाए।

– छात्रों को उपन्यास बार–बार पढ़ने हेतु प्रेरित करें। पिछली घटनाओं की भी पुनरावृत्ति अभ्यास कराऐं। उपन्यास में प्रयुक्त मुख्य बिन्दुओं की ओर ध्यान दिलाया जाए। जिससे छात्र सही ढंग से तर्कसंगत उत्तर देने में सफल रहें।

– छात्रों को उपन्यास की सभी घटनाऐं

(iv) अमित और सरिता की बातचीत कुछ परीक्षार्थियों ने अस्पष्ट और काल्पनिक लिखी। मुख्य बिन्दुओं का उत्तर में अभाव दिखाई दिया।

– छात्रों को उपन्यास की सभी घटनाऐं मौखिक एवं लिखित प्रश्नोत्तर के माध्यम से याद करानी चाहिए। भाषा में सुधार हेतु अभ्यास पर बल दीजिए।
– उपन्यास के मुख्य वार्तालाप पर प्रश्नोत्तर विधि से उत्तर छात्रों को लिखवाना चाहिए। जिससे छात्र उत्तर लिखते समय भ्रमित न हो। वर्तनी तथा वाक्य संरचना में भी सुधार हो।

## MARKING SCHEME

## Question 12

(i) उपन्यास का प्रमुख पात्र 'अमित' मायाराम जी का पुत्र है।

वह दूसरों का सम्मान करना जानता है। वह दहेज विरोधी व संस्कारी है। अमित मीनू के रंग–रूप व्यवहार तथा सादगी से प्रभावित है। अंत में अमित और मीनू का विवाह हो जाता है।

(ii) विशेष चहल–पहल अमित के घर में थी। अमित का रिश्ता सरिता से तय होने जा रहा था। उसे माता–पिता पूरी रुचि दिखलाते हुए सरिता को देखने के लिए तैयार थे। इसलिए घर के सभी सदस्य उत्साहित नजर आ रहे थे। इस अवसर पर अमित के चेहरे पर उदासी थी वह सोच रहा था कि उसके माता–पिता उसे एक धनी घर की लड़की के हाथों बेच रहे हैं।

(iii) मायाराम जी अपने परिवार के साथ अपने बेटे अमित के लिए धनीमल जी के घर उनकी बेटी सरिता को देखने के लिए आए थे क्योंकि सरिता के साथ अमित का रिश्ता तय हो रहा था। धनीमल जी ने मायाराम जी के लिए कार भेजी थी। जब मायाराम जी, उनकी पत्नी, अमित व उसकी बहन मधु कार में बैठकर धनीमलजी के घर पहुँचे और कार में से उतर कर सब ने घर के अंदर प्रवेश किया तो उन्हें लगा मानो वे स्वर्ग में आ गए हों। क्योंकि धनीमल जी की कोठी के बाहर लॉन में घास मखमल के समान बिछी थी। लॉन में बेंत की सुंदर रंग–बिरगी कुर्सियाँ पड़ी थीं। रंग–बिरंगें फूलों के गमले कोठी की शोभा में चार–चाँद लगा रहे थे। पूरा वातावरण तथा वहाँ की सुख समृद्धि देखकर स्वर्ग के समान आनंद की अनुभूति करा रहा था।

(iv) अमित और सरिता को जब बातचीत का अवसर प्राप्त हुआ तो अमित ने सरिता से उसकी पसंद, उसकी रुचि, कार्य–व्यवहार के बारे में तरह–तरह के प्रश्न किए। जैसे उसकी किस चीज में रूचि है– अपनी रूचि के अलावा वह घर के काम–काज कर लेती होगी, शादी के बाद यदि घर का काम करना पड़ा तो किस प्रकार करेगी। उसकी पढ़ाई–लिखाई (एजुकेशन) क्या है? अमित के इन सभी सवालों का सरिता ने भी बड़ी बेबाकी से जवाब दिया। उसने बताया कि उसकी विशेष रूचि पेंटिंग और कार ड्राइविंग में है। घर के काम उसे करने नही आते उसकी जरूरत भी उसे नही पड़ती है क्योंकि सारा काम नौकर–चाकर करते हैं। शादी के बाद भी पिताजी एक नौकर की व्यवस्था कर देंगे, वही सारा काम कर देगा। एजुकेशन के बारे मे बताते हुए उसने कहा कि उसने सेकंड डिवीजन में बी.ए. पास किया है। आदि सारी व्यवहारिक बातें उन दोनों में हुई।

# Question 13

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

मीनू के हृदय में बचपन से ही अपंगों के लिए दया की भावना थी परन्तु मनोहर को तो वैसे भी वह बचपन से जानती थी। इसीलिए उसकी यह हालत उससे देखी नहीं जा रही थी। मीनू ने मन ही मन निश्चय दिया कि वह किसी न किसी रूप में मनोहर की सहायता अवश्य करेगी। विवाह के फ़ालतू खर्च में से कुछ रुपये बचाकर अपाहिज मनोहर की सहायता करने का उसने संकल्प लिया।

**(i)** मनोहर कौन था? वह मीनू के पास क्यों आया था? [2]

**(ii)** उसकी यह दशा कैसे हो गयी थी? संक्षेप में समझाइए। [2]

**(iii)** मीनू ने मन ही मन क्या निश्चय किया और मनोहर की सहायता कैसे की? [3]

**(iv)** मीनू के इस कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? क्या आपने भी कभी किसी की इस प्रकार से सहायता की है समझाइए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) मनोहर कौन था? वह मीनू के पास क्यों आया था? इस प्रश्न को उत्तर लिखने में कुछ परीक्षार्थियों ने अपूर्ण जानकारी दी अथवा त्रुटिपूर्ण उत्तर लिखा।

(ii) मनोहर की दशा के बारे में कुछ ही परीक्षार्थियों ने विस्तार से लिखा। अधिकांश परीक्षार्थियों ने अपूर्ण जानकारी ही दी।

(iii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने मीनू के निर्णय को स्पष्ट नहीं किया। कई परीक्षार्थियों ने मनोहर की लाचारी लिखी लेकिन मीनू की सहायता का वर्णन नहीं किया।

(iv) अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्न के प्रथम भाग का तो वर्णन किया। लेकिन स्वयं किसी की भी इस प्रकार से सहायता करने या परोपकार का वर्णन नहीं किया।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– पात्रों के नाम, उनके रिश्ते या संबंध भी सभी छात्रों को याद कराए जाने चाहिए। छात्रों को बार–बार पाठ पढ़कर समझने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

– अध्याय का वाचन कराते समय घटना से जुड़ी प्रत्येक बात को अच्छी तरह से समझाएँ और रेखांकित करवाएँ।

– कहानी को रोचक बनाने के लिए, पुस्तक में उसका कक्षा में मंचन कराएँ। मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराकर उनकी व्याख्या करें।

– छात्रों को प्रश्नोत्तर पूरी तरह समझकर लिखित उत्तर देने का अभ्यास कराएँ। छात्रों को यह भी बताएँ कि प्रश्न के संदर्भ में, अपने शब्दों में लिखा गया उत्तर उपयुक्त एवं सटीक माना जाता है।

## MARKING SCHEME

## Question 13

(i) मनोहर राजो का चचेरा भाई था। राजो, मीनू के यहाँ काम करती थी और उसके साथ मेरठ भी गई थी। मनोहर बचपन में अक्सर राजो के साथ उसके घर आता था। अब वह अपंग हो गया था। उसके पास रोजी–रोटी का कोई साधन भी नहीं था। वह मीनू के घर काम की तलाश में आया था। उसने सोचा कि विवाह वाला घर है तो उसके योग्य कोई न कोई काम निकल ही आएगा।

(ii) मनोहर एक स्वस्थ युवक था परन्तु एक दुर्घटना में वह अपंग हो गया था। वह छोटी उम्र में ही काम करने लग गया था। वह एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। एक दिन काम करते–करते उसका एक पैर मशीन में आ गया और कट गया। पैर के साथ उसकी सीधे हाथ की दो अंगुलियाँ भी कट गई थीं। इस प्रकार वह अपंग हो गया था।

(iii) मनोहर के साथ हुई दुर्घटना के बारे में जानकर मीनू बहुत उदास हो गई थी। नियति पर किसी का कोई जोर नहीं। इस घटना ने मनोहर की ज़िंदगी में एक तूफ़ान ला खड़ा किया था। मनोहर के ये शब्द कि कौन मुझ अपाहिज को नौकरी देगा, मीनू का हृदय द्रवित हो उठा था। उसने मन ही मन निश्चय कर लिया कि वह किसी न किसी रूप में मनोहर की सहायता अवश्य करेगी। उसने विवाह के फालतू खर्च में से कुछ रुपये बचाकर अपाहिज मनोहर की सहायता करने का संकल्प ले लिया।

मीनू भावुक तथा संवेदनशील युवती थी। बचपन से ही उसके हृदय में अपंगों के लिए दया भावना थी। मनोहर को वैसे ही वह बचपन से जानती थी अतः उसकी यह हालत उससे देखी नहीं जा रही थी। वह बहुत समझदार थी। उसका मानना था कि यदि हर संपन्न व्यक्ति अपनी ज़िंदगी में किसी एक अपंग व्यक्ति की सहायता कर उसे कोई छोटा सा काम करा दे तो हमारे देश से इन अपंगों की बेरोजगारी की समस्या दूर हो जाएगी।

(iv) मीनू ने अपने विवाह के फ़िज़ूल के खर्चों में से पाँच हज़ार रुपये निकालकर मनोहर को पान की एक दुकान खुलवा दी। एक पैर न होने के कारण वह चल–फिर नहीं सकता था फिर उसकी सीधे हाथ की दो अंगुलियाँ भी नहीं थीं। ऐसे में वह एक स्थान पर बैठकर अपनी बाकी तीन उंगुलियों के सहारे पान तो लगा ही सकता था। इस प्रकार मीनू ने अपाहिज मनोहर की सहायता कर मानवता का धर्म निभाया।

'परहित सरिस धर्म नहीं भाई'– अर्थात परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मीनू के इस परोपकार भरे कार्य को देखकर हमें अपंगों की सहायता करने की प्रेरणा मिलती है। यदि प्रत्येक संपन्न व्यक्ति अपनी ज़िंदगी में किसी एक अपंग व्यक्ति की सहायता कर उसे छोटा सा काम करा दे तो हमारे देश में इन अपंगों की बेरोजगारी की समस्या नहीं रहेगी। इस प्रसंग से हमें यह भी प्रेरणा मिलती है कि विवाह में फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। हाँ मैंने भी एक बार एक अपंग व्यक्ति की सहायता की थी जिस से उसका जीवन ही बदल गया था। आज भी मैं उसे अपने घर के सदस्य की भाँति मानती हूँ।

# एकांकी संचय

## [Ekanki Sanchay]

# Question 14

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए:—

अब भी आँखें नहीं खुलीं? जो व्यवहार अपनी बेटी के लिए दूसरों से चाहते हो वही दूसरे की बेटी को भी दो। जब तक तुम बहू और बेटी को एक–सा नहीं समझोगे, न तुम्हें सुख मिलेगा न शांति।

['बहू की विदा'—विनोद रस्तोगी]
**['Bahu Ki Vida'—Vinod Rastogi]**

**(i)** वक्ता का परिचय देते हुए कथन का सन्दर्भ लिखिए। [2]

**(ii)** ''अब भी आँखें नहीं खुली ?'' कहने से वक्ता का क्या अभिप्राय है ? पाठ के सन्दर्भ में समझाइए। [2]

**(iii)** एकांकी के अन्त में श्रोता क्या फैसला लेता है और क्यों ? समझाइए। [3]

**(iv)** इस एकांकी से आपको क्या शिक्षा मिलती है? एकांकी के उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही और पूरा उत्तर नहीं लिखा। कुछ ने राजेश्वरी की जगह रामेश्वरी तथा अन्य नाम लिखे और परिचय लिखा पर संदर्भ नहीं लिखा।

(ii) प्रस्तुत प्रश्न में अधिकांश परीक्षार्थी कथन का अभिप्राय एवं सन्दर्भ सही ढंग से नहीं लिख पाए।
वाक्य संरचना की त्रुटियों का बाहुल्य रहा। कुछ परीक्षार्थी ''अब भी आंखे नहीं खुली'' इस वाक्य का आशय भी स्पष्ट नहीं कर पाए।

(iii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने अंत में क्या फैसला लिया? का सन्तोजनक उत्तर लिखा। लेकिन कुछ परीक्षार्थियों ने कारण नहीं लिखा।

(iv) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उपयुक्त् उत्तर लिखा, परन्तु कुछ परीक्षार्थियों ने एकांकी के संदर्भ में उदाहरण देकर उत्तर नहीं दिया।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– पाठ की व्याख्या कराते समय नाम एवं वक्ताओं पर छात्रों का ध्यान आकर्षित कराते हुए उन्हें रेखांकित कराएं। नाम भी सही से याद कराऐं।

– छात्रों को पुनः–पुनः एकांकी मंचन करवाएँ और प्रसंग एवं संदर्भ के बारे में भी बताऐं। प्रश्नोत्तरों का पर्याप्त लिखित अभ्यास कराऐं।

– घटनाक्रम का तर्कसहित उत्तर देना छात्रों को सिखाएँ। सभी बिन्दुओं का ध्यान रखकर उत्तर लिखने का अभ्यास कराना चाहिए।

– एकांकी का मंचन कराऐं। एकांकी से संबंधित शिक्षा पर चर्चा करें।
छात्रों को विचारात्मक प्रश्नों के उत्तर का लिखित अभ्यास कराऐं। प्रश्न हेतु आबंटित अंकों के आधार पर प्रश्नोत्तर में मुख्य बिन्दुओं पर बल दीजिए।

# MARKING SCHEME

## Question 14

(i) यहाँ वक्ता राजेश्वरी है।
प्रस्तुत कथन राजेश्वरी ने जीवनलाल से कहा जब पहले सावन के मौके पर उनकी पुत्री गौरी को लेने गया उसका भाई रमेश खाली हाथ लौटा। गौरी के ससुराल वालों ने उसको विदा नहीं किया था क्योंकि उनका कहना था कि विवाह में दहेज़ पूरा नहीं दिया गया। इस बात को सुनकर जीवनलाल अत्यंत क्रोधित हुए और गौरी के ससुराल वालों को लोभी कहने लगे। इधर वे स्वयं अपनी बहू कमला को पहले सावन के मौके पर विदा नहीं कर रहे थे। उसका भाई प्रमोद भी उसे लेने आया था। उन्होंने प्रमोद को खूब खरी–खोटी सुनाई थी और कहा था कि विवाह में दहेज़ कम दिया गया अतः जब तक प्रमोद दहेज़ के पाँच हज़ार रुपये नहीं चुका देता बहू की विदा नहीं होगी। अब जब अपनी बेटी के साथ भी यही बात हुई तो राजेश्वरी चुप नहीं रह सकी।

(ii) 'अब भी आँखें नहीं खुली' कहने से वक्ता राजेश्वरी का यह अभिप्राय है कि क्या उन्हें अभी भी सच्चाई का ज्ञान नहीं हुआ? राजेश्वरी जीवनलाल को यह कहती है कि बहू के दहेज़ में कोई कमी नहीं थी। उसके लिए उसे पहले सावन के मौके पर मायके न भेजना अन्यायपूर्ण है। कमला की माँ भी अपनी बेटी का उसी उत्साह के साथ इंतजार कर रही होगी जिस तरह वे अपनी बेटी गौरी का इंतज़ार कर रहे थे। वह अपने पति को यह समझाना चाहती है कि जो व्यवहार तुम अपनी बेटी के लिए दूसरों से चाहते हो, वही दूसरे की बेटी को भी दो। जब तक बहू और बेटी को एक–सा नहीं समझोगे तब तक तुम्हें न सुख मिलेगा न शान्ति।

(iii) एकांकी के अंत मे जीवनलाल अपनी बहू कमला को बिना दहेज के ही विदा करने को तैयार हो जाते है। जीवनलाल अपनी बहू के परिवार वालों द्वारा दहेज की पूरी रकम न दे पाने के कारण उसे सावन में उसके घर नहीं जाने देते किंतु जब उन्हें पता चलता है कि उनकी बेटी को भी उसे ससुराल वालों ने कम दहेज के कारण उसे विदा नहीं किया। अपनी बेटी के ससुराल वालों का ऐसा व्यवहार देख उनकी आँखें खुल जाती हैं और उनके व्यवहार में अंतर आ जाता है। अतः अंत में वह अपनी बहू को विदा करने का फैसला लेते हैं। क्योंकि अब उन्हें अपनी भूल का अहसास हो चुका होता है, उनके दिमाग से बेटी तथा बहू का अन्तर मिट जाता है। अब वह अपनी भूल सुधारना चाहते है।

(iv) प्रस्तुत एकांकी दहेज की समस्या पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज से इस कुप्रथा को जड़ से निकाल फेंकना है। दहेज रूपी दानव धीरे–धीरे समाज की जड़ों को खोखला करता जा रहा है। प्रतिवर्ष न जाने कितनी कन्याएँ दहेज़ की बलिवेदी पर चढ़ा दी जाती हैं। कितनी बिन ब्याही रह जाती हैं। दहेज़ देने के डर से कितनी कन्याओं की भ्रूण–हत्या कर दी जाती है। दहेज़ के लोलुप व्यक्ति कभी भी संतुष्ट नहीं होते। वे बहुओं पर अत्याचार करते हैं। इस प्रकार दहेज़ नारी जाति पर अत्याचार है। इससे समाज में पुरुष की तुलना में स्त्री दर घटती जा रही है। यह एक चिंताजनक विषय है जो समाज में भ्रष्टाचार को जन्म देता है। इस कुप्रथा को दूर करना परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है। एकांकी में यह भी समझाया गया है कि बहू और बेटी में अंतर नहीं करना चाहिए। बहू के प्रति प्रेम, दया तथा सहानुभूति रखनी चाहिए और उसके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। जैसा बोएगें वैसा काटेंगें यदि हम आज किसी की बेटी को सताएँगें तो कल हमारी बेटी भी दुखी रहेगी।

# Question 15

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए:—

आपके विवेक पर सबको विश्वास है। मैं आपसे निवेदन करने आई हूँ कि यद्यपि समय के फेर से आज हाड़ा, शक्ति और साधनों में मेवाड़ के उन्नत राज्य से छोटे हैं, फिर भी वे वीर हैं। मेवाड़ को विपत्ति के दिनों से सहायता देते रहे हैं। यदि उनसे कोई धृष्टता बन पड़ी हो, तो महाराणा उसे भूल जाएँ और राजपूत शक्तियों में स्नेह का सम्बन्ध बना रहने दें।

['मातृभूमि का मान'—हरिकृष्ण 'प्रेमी']

**['Matribhoomi Ka Man'—Harikrishna 'Premi']**

**(i)** प्रस्तुत कथन किसने, किससे कहा है ? स्पष्ट कीजिए। [2]

**(ii)** मेवाड़ को विपत्ति के दिनों में किसने सहायता दी है ? चारणी यह बात क्यों याद दिलाती ? स्पष्ट कीजिए। [2]

**(iii)** चारणी ने महाराणा को अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने का क्या उपाय बताया ? यह कितना उचित था, इस सन्दर्भ में अपने विचार दीजिए। [3]

**(iv)** 'मातृ भूमि का मान' कैसी एकांकी है ? शीर्षक की सार्थकता सिद्ध करते हुए बताइए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) कुछ परीक्षार्थी वक्ता और श्रोता को पहचानने में भ्रमित दिखाई दिए। चारणी और महाराणा लाखा के स्थान पर एकांकी के अन्य पात्रों के नामों का उल्लेख कर दिया।

(ii) परीक्षार्थियों ने प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर सही लिखा लेकिन द्वितीय भाग 'याद दिलाने का कारण' का उत्तर सन्तोजनक नहीं लिखा या लिखना भूल गएं।

(iii) परीक्षार्थियों ने प्रतिज्ञा के बारे में सटीक लिखा है परन्तु कारण लिखने में उन्हें विचार भी लिखने थे जिसमें वे अक्षम रहे। अनावश्यक विस्तार किया गया परन्तु मुख्य बिन्दुओं का अभाव देखा गया।

(iv) कुछ परीक्षार्थी शीर्षक की सार्थकता लिखने में असफल रहे। किस तरह की एकांकी है– इसे समझने में वे असमर्थ रहे।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– छात्रों को एकांकी को बार–बार पढ़ने हेतु निर्देश दें जिससे छात्रों को एकांकी में वर्णित श्रोता, वक्ता एवं प्रसंग का सटीक ज्ञान प्राप्त हो! प्रत्येक पात्र का परिचय लिख लिखकर याद कराएँ। शुद्ध भाषा तथा वर्तनी सुधार पर भी बल दें।

– प्रश्न के प्रत्येक भाग की सही व्याख्या करने का लिखित अभ्यास कराऐं। विद्यार्थियों को समझाए कि प्रश्न का प्रत्येक भाग महत्वपूर्ण होता है। उसके लिए निर्धारित अंको पर वे ध्यान दें।

– एकांकी पढ़ाते समय छात्रों को बीच बीच में प्रश्न पूछने चाहिए ताकि उन्हें पाठ स्पष्ट होता रहे और उन्हें मुख्य बिन्दुओं का ज्ञान हो जाए।

– कक्षा में शीर्षक की सार्थकता, उद्देश्य तथा शिक्षा जैसे प्रश्नों का अभ्यास कराऐं। वर्तनी संबंधी त्रुटियों को लिखित और मौखिक अभ्यास से दूर करने का प्रयास करें।

## MARKING SCHEME

### Question 15

(i) प्रस्तुत कथन चारणी ने मेवाड़ के महाराणा लाखा से कहा है।

चारणी महाराणा लाखा के दरबार में राजपूतों की वीरता के गीत गाने वाली एक गायिका थी। वह एक बुद्धिमान नारी थी। उसे पता चला था कि महाराणा लाखा ने बूँदी के राव हेमू से पराजित होने के बाद अपने अपमान का बदला लेने के लिए यह प्रतिज्ञा ले ली थी कि जब तक मैं बूँदी के किले में ससैन्य प्रवेश नहीं करूँगा तब तक अन्न–जल ग्रहण नहीं करूँगा। वह राजपूतों में आपसी दुश्मनी नहीं चाहती थीं अतः वह अपने गीत में सम्पूर्ण राजस्थान को एकता के सूत्र में बाँधकर देश की स्वाधीनता के लिए कुछ काम करने का सन्देश दे रही थी। यह गीत सुनकर महाराणा लाखा को आत्मबोध होता है और वे चारणी से कहते हैं कि मैं स्वयं इस श्रृंखला को तोड़ने जा रहा हूँ और दो जातियों में जानी दुश्मनी पैदा करने जा रहा हूँ। इसके प्रत्युत्तर में चारणी उन्हें कहती है कि महाराणा विवेकशील हैं और सबको उन पर विश्वास है कि वे राजपूत शक्तियों में आपसी दुश्मनी पैदा नहीं होने देंगे।

(ii) मेवाड़ को विपत्ति के दिनों में बूँदी के हाड़ाओं ने सहायता दी थी। चारणी महाराणा को यह बात इसलिए याद दिलाती है क्योंकि वह राजपूतों में दुश्मनी पैदा नहीं होने देना चाहती। उसका मानना है कि राजस्थान के सभी राजपूतों को एकजुट होकर विदेशी शक्ति का सामना करना चाहिए।
चारणी एक समझदार महिला थी। वह गीतों के माध्यम से राजपूतों में वीरता का संचार करती थी। वह राजस्थान की सभी रियासतों में एकता और अखंडता स्थापित करना चाहती थी। उसमें तर्कशीलता भी थी। वह अपनी विवेकशीलता से महाराणा का पथ प्रदर्शन करना चाहती थी।

(iii) चारणी ने महाराणा को अपनी प्रतिज्ञा को पूरी करने का यह उपाय बताया कि मेवाड़ में बूँदी का एक नकली दुर्ग बनाएँ और महाराणा उसे विध्वंस करके अपनी शपथ पूरी करें।

मेरी दृष्टि में चारणी ने महाराणा को उनकी शपथ पूरी करने का जो उपाय बताया, वह उचित था। इसका कारण यह है कि महाराणा के व्यर्थ के दंभ में यदि युद्ध होता तो राजपूत भाइयों में शत्रुता और कटुता की भावना बढ़ जाती। युद्ध में अनेक वीर राजपूत सैनिक मारे जाते। उनकी सैन्य शक्ति कमज़ोर पड़ जाती और वे विदेशी शक्ति का सामना न कर पाते। इसके विपरीत यदि युद्ध रुक जाता तो राजपूतों के संबंधों में प्रगाढ़ता आती, जो सारे राज्य के लिए हितकारी होती।

(iv) यह देश भक्ति से परिपूर्ण एतिहासिक एकांकी है। प्रस्तुत एकांकी का शीर्षक मातृभूमि का मान रोचक तथा शिक्षाप्रद है। इसमें राजपूतों का अपनी मातृभूमि के लिए प्रेम तथा भक्ति भाव दर्शाया गया है। वे उसकी रक्षा के लिए अपना तन–मन–धन, सब कुछ न्यौच्छावर कर देते थे। प्रस्तुत एकांकी में बूँदी के सैनिक वीर सिंह का अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम उल्लेखनीय है, जिसने बूँदी के नकली दुर्ग की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

महाराणा लाखा अपनी मातृभूमि का मान रखने के लिए बूँदी को हराकर अपने अधीन करना चाहते थे ताकि अपने मस्तक पर लगे हार के कलंक को धो डालें।

बूँदी के राव हेमू भी अपनी मातृभूमि से बहुत प्रेम करते थे इसलिए उन्होंने महाराणा लाखा का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। वे विदेशी अथवा देशी किसी भी शक्ति की अधीनता स्वीकार नहीं करते। उनका मानना था कि बूँदी एक स्वतन्त्र राज्य है। वह स्वतन्त्र रहकर महाराणाओं का आदर कर सकता है। इस प्रकार इस एकांकी का शीर्षक अपने उद्देश्य की पूर्ति करता है तथा उपयुक्त प्रतीत होता है।

# Question 16

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

बेटा, बड़प्पन बाहर की वस्तु नहीं— बड़प्पन तो मन का होना चाहिए। और फिर बेटा घृणा को घृणा से नहीं मिटाया जा सकता। बहू तभी पृथक होना चाहेगी जब उसे घृणा के बदले घृणा दी जाएगी। लेकिन यदि उसे घृणा के बदले स्नेह मिले तो उसकी समस्त घृणा धुँधली पड़कर लुप्त हो जाएगी।

['सूखी डाली'—उपेन्द्रनाथ 'अश्क']

**['Sukhi Dali'—Upendranath 'Ashka']**

**(i)** प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन है ? उसका संक्षिप्त परिचय दीजिए। [2]

**(ii)** श्रोता ने वक्ता को छोटी बहू के संबंध में क्या बताया था ? [2]

**(iii)** वक्ता ने परिवार में एकता बनाये रखने का क्या उपाय निकाला ? क्या वे इसमें सफल हुए ? स्पष्ट कीजिए। [3]

**(iv)** प्रस्तुत एकांकी किस प्रकार की एकांकी है ? इस एकांकी लेखन का क्या उद्देश्य है ? [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थी वक्ता का सही नाम लिखने में समर्थ हुए। दादा मूलराज का परिचय परीक्षार्थियों ने सटीक रूप से दिया है।

(ii) श्रोता कर्मचंद के स्थान पर कुछ परीक्षार्थियों ने परिवार के अन्य सदस्यों के नामों का उल्लेख किया। कुछ परीक्षार्थियों ने परेश का परिचय लिखा। छोटी बहू का परिचय भी कुछ परीक्षार्थियों ने अति संक्षिप्त ही दिया।

(iii) परीक्षार्थियों ने एकता बनाए रखने के बारे में बताया। लेकिन मुख्य बिन्दुओं का अभाव रहा। अति संक्षिप्त उत्तर लिखे। भाषागत त्रुटियों की भी अधिकता रही।

(iv) एकांकी के लेखन का उद्देश्य लिखने में परीक्षार्थी पूर्णतः सफल रहे। कुछ परीक्षार्थियों ने एकांकी का सारांश बताया परन्तु उद्देश्य नहीं बताया।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- पात्र परिचय, चारित्रिक विशेषताऐं और उनके द्वारा किए गए कार्य का छात्रों को स्पष्ट रूप से बोध कराऐं।
- एकांकी को मनोरंजक ढंग से पढ़ाने के लिये छात्रों से कक्षा में ही अभिनय कराया जाए। दृश्य और भाव छात्रों को आसानी से याद हो जाएंगे।
  पात्रों की सोच, मनः स्थिति के बारे में भी कक्षा में चर्चा करें।
- चरित्र चित्रण सभी पात्रों की विशेषताओं के साथ समझाने चाहिए।
  लिखित उत्तर भी सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखकर लिखवाने चाहिए।
- कक्षा में एकांकी का उद्देश्य, प्रेरणा, शिक्षा आदि की विस्तारपूर्वक चर्चा करें।
  एकांकी की मुख्य बातों तथा घटनाओं की कक्षा में पुनरावृत्ति करें।

# MARKING SCHEME

## Question 16

(i) प्रस्तुत कथन के वक्ता दादाजी मूलराज हैं। वे एक धनी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। उनके पास ज़मीन–जायदाद है, फार्म, डेयरी तथा चीनी के कारखाने हैं जिनकी देखभाल उनके दो बेटे तथा पोते करते हैं। वे एक बड़े से परिवार के मुखिया हैं। उनकी उम्र 72 (बहत्तर) वर्ष है। वे शरीर से स्वस्थ तथा हृष्ट–पुष्ट हैं।

(ii) श्रोता कर्मचंद ने दादाजी को यह बताया कि छोटी बहू परिवार में खुश नहीं है। शायद परेश और वो अलग होना चाहते हैं। दादाजी के पूछने पर कर्मचंद ने कहा कि जहाँ तक मेरा विचार है छोटी बहू के मन में दर्प की मात्रा ज़रूरत से कुछ ज़्यादा है। मैंने वह मलमल के थान और रज़ाई के अबरे लाकर दिए थे। सबने तो रख लिए पर छोटी बहू को वे पसंद नहीं आए। वह अपने मायके के घराने को शायद इस घराने से बड़ा समझती है और इस घर को घृणा की दृष्टि से देखती है।

(iii) दादाजी बहुत अनुभवी, समझदार तथा दूरदर्शी व्यक्ति थे। वे परिवार में एकता और अखंडता बनाये रखने में विश्वास रखते थे। जब उन्हें कर्मचंद से पता चला कि छोटी बहू परिवार में खुश नहीं है तो उन्होंने उसे छोड़कर परिवार के सभी सदस्यों को अपने पास बुलाया और उनसे कहा कि मुझे यह जानकर बड़ा दुःख हुआ कि छोटी बहू का यहाँ मन नहीं लगा। इसमें दोष उसका नहीं, हमारा दोष है। वह एक बड़े घर की बेटी है। अत्यधिक पढ़ी–लिखी है। सबसे आदर पाती और राज करती आई है। यहाँ उसे हर एक का आदर करना पड़ता है। छोटी बहू अपनी बुद्धि और योग्यता में निश्चय ही हमसे बड़ी है। हमें उसे आदर देना चाहिए तथा उसके गुणों से लाभ उठाना चाहिए। मेरी यह इच्छा है कि सब उसका कहना मानें, उससे परामर्श लें और उसका काम भी आपस में बाँट लें। उसे पढ़ने–लिखने का अधिक अवसर दें।

जी हाँ, दादाजी का यह उपाय पूर्णतया सफल हुआ। छोटी बहू को मान–सम्मान तथा प्रेम मिला। वह भी परिवार के साथ मिलकर रहना और काम करना सीख गई। इस प्रकार परिवार बिखरने से बच गया।

(iv) प्रस्तुत एकांकी संयुक्त परिवार प्रणाली पर आधारित पारिवारिक तथा सामाजिक एवम् एक शिक्षाप्रद एकांकी है, जिसमें संयुक्त परिवार की समस्याओं को दर्शाया गया है। बड़े परिवार में भिन्न–भिन्न स्वभाव के लोग होते हैं। उनमें वैचारिक मतभेद भी हो जाते हैं जो आपसी कलह तथा ईर्ष्या–द्वेष का कारण बनते हैं। परिवार में प्रेम, अनुशासन, तथा आपसी सूझ–बूझ से एकता और अखंडता बनाए रखी जा सकती है। परिवार के मुखिया को समझदार, दूरदर्शी तथा निष्पक्ष स्वभाव का होना चाहिए ताकि वह परिवार के सदस्यों में ताल–मेल बैठा सके। जैसे कि दादाजी ने छोटी बहू और परिवार के सदस्यों के बीच ताल–मेल बैठाया।

परिवार में नयी आई बहू भिन्न परिवेश की होने के कारण समायोजन करना सीख नहीं पाती। उसे प्रेम तथा आदर देकर परिवार के माहौल में ढालना चाहिए। बहू को भी बात–बात पर मायके से तुलना नहीं करनी चाहिए तथा व्यंग्यात्मक बातों से बचना चाहिए। इस प्रकार एकांकीकार अपने उद्देश्य की पूर्ति करने में सफल हुए हैं।

# GENERAL COMMENTS

**विषय परीक्षार्थियों को कठिन लगे**

Q 1 (iii) निबंध – स्थान विशेष की संस्कृति का परिचय।

(iv) कुछ छात्र कहानी लेखन में अन्त निर्देशानुसार नहीं लिख सके।

Q 2 (ii) पत्र -जल संचयन की परियोजना का सुझाव देने में असमर्थ रहे।

Q 4 (vi) वाक्य परिवर्तन – ''पर्णकुटी'' शब्द बच्चे नहीं लिख पाए।

Q 8. सूर की भक्ति भावना नहीं लिख पाए।

Q 9. दिनकर जी की पुस्तक 'कुरुक्षेत्र' का नाम नहीं बता पाए।

Q 15. मातृभूमि का मान – शीर्षक की सार्थकता नहीं लिख सके।

**विद्यार्थियों के लिए सुझाव**

- प्रश्नपत्र पढ़ते समय निर्धारित 15 मिनट के समय के बीच अपने प्रिय प्रश्नों के उत्तर भली प्रकार सोच लें।
- ध्यान रखें कि स्वयं चुनी हुई केवल दो पुस्तकों से ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखें। तीन पुस्तकों से उत्तर लिखने पर अंक कट जाएंगे।
- निबंध लगभग पैराग्राफ में बाँटकर लिखें। पत्रों का सही प्रारुप लिखें। दिनांक भी बताऐं। भाववाचक, विशेषण, पर्यायवाची, मुहावरे, वर्तनी सुधार हेतु शब्दों को याद करें।
- मात्राओं का ध्यान रखकर ही उत्तर लिखें।
- प्रमुख पात्र का एक चार्ट बनाकर अध्ययन करें।
- व्यवहारिक व्याकरण का भी अभ्यास करें।
- हिन्दी की उच्च कोटि की पत्र पत्रिकाऐं पढ़ें।
- मौखिक और लिखित अभ्यास भी करें।
- उत्तर लिखने में निर्देशों के अनुरुप ही कार्य करें।
- वर्तनी सुधार पर विशेष ध्यान दें।
- लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।